गुस्ताखी माफ

पुस्तक सच्ची मित्र है, कहते थे श्रीमान।
मगर बड़े होकर कहें, इसे किताबी ज्ञान।
इसे किताबी ज्ञान, न इससे बात संवरनी।
बिल्कुल नहीं समान, जगत की कथनी-करनी।
कह साहिल कविराय, अगर यह इतनी कच्ची।
क्यों कहते फिर आप, मित्र है पुस्तक सच्ची।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल



RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 202 | THURSDAY 30-07-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


# अब निगम शहर में रेहड़ी-फड़ी वालों से प्रति महीना इकट्ठा करेगा 40 लाख, खजाना भरने का प्रयास, अफसरों की जेब होगी ढ़ीली

लुधियाना/यूटर्न/29 जुलाई। नगर निगम की और से एक तरफ जहां पहले रेहड़ी-फड़ी वालों को हटाया जा रहा था, वहीं अब अधिकारियों द्वारा रेहड़ियां लगवाकर उनसे राजस्व इकट्ठा करने के आदेश दिए गए हैं। इस संबंध में शहर के चारों जोन के अधिकारियों को प्रति जोन 10 लाख रुपए प्रति महीना इकट्ठा करने के ऑर्डर किए गए हैं। यानि कि हर महीने अब 40 लाख रुपए सरकारी खजाने में जमा होंगे। इस पैसों को शहर के विकास कार्यों में खर्च किया जाएगा।

इस फंड से जहां एक तरफ शहर का दशा में सुधार होगा, वहीं सरकारी खजाने भी भर सकेगें। यह पहल नगर निगम कमिश्नर ओजस्वीं अलंकार द्वारा की गई है। उनकी दूरंदेशी सोच से शहर में सुधार होने की उम्मीद है। हालांकि पहले रेहड़ी फड़ी वालों से होने वाली कलेक्शन का ज्यादातर हिस्सा अफसरों और मुलाजिमों की जेब में जाता था। अब वे भी बंद होगा। बता दें कि यूटर्न टाइम अखबार द्वारा पहले इस मुद्दे को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जिसमें बताया गया था कि हर महीने आठ करोड़ रुपए की वसूली होती है। जिसमें से आधा पैसा अधिकारी व मुलाजिम मिलकर अपनी जेब में डाल लेते हैं। लेकिन इस मामले में अब संज्ञान लेते हुए कमिश्नर द्वारा इस चोरी को बंद किया जा रहा है।



चर्चाः आखिर किसकी जेब में जा रहे रेहड़ी-फड़ियों से की वसूली के 8 करोड़ रुपए!

सिर्फ 7-8 हजार रेहड़ियों की कटती है पर्ची

हर महीने हो रहा करोड़ों का हेरफेर

आखिर कौन कर रहा पीएयू के बाहर वसूली

वसूली बंद होने के डर से नहीं बनाए जा रहे वेंडिंग जोन

यूटर्न टाइम अखबार द्वारा 5 जून को प्रकाशित की गई खबर




## कमिश्नर के वीजन से होगा शहर का सुधार



चर्चा है कि निगम कमिश्नर ओजस्वीं का बड़ा वीजन है। उनके इस वीजन की बदौलत ही सरकारी खजाने के साथ साथ शहर को फायदा मिल सकेगा। हालांकि अब देखना होगा कि निचले सत्र के अधिकारी इन आदेशों को कितनी गंभीरता के साथ मानते हैं।

## शहर में जमकर रेहड़ी फड़ी लगवाने के आदेश

चर्चा है कि अधिकारियों के निर्देश अनुसार शहर में जगह जगह रेहड़ी फड़ी लगवाकर उनकी सरकारी पर्ची काटी जाए। बता दें कि बिना छत्त वाली रेहड़ी की फीस 1500 रुपए और छत्त वाली रेहड़ी की फीस 2500 रुपए है। ऐसे में हर रेहड़ी की स्लीप काटना अनिवार्य किया गया है। जिसके चलते चर्चा है कि इन टारगेट को पूरा करने के लिए उन स्थानों पर भी रेहड़ियां लगवाई जा रही है, जहां पर पहले कभी निगम द्वारा स्लीप नहीं काटी गई।

## हर महीने आठ करोड़ की वसूली होने की चर्चाएं

चर्चा है कि लुधियाना में 75 हजार से लेकर एक लाख तक रेहड़ी फड़ी लगती है। हालांकि निगम ऑन रिकॉर्ड 25-30 हजार की बात कहता है। इन रेहड़ी वालों से हर महीने वसूली भी होती है, लेकिन इसमें से सिर्फ 15-20 प्रतिशत पैसा ही सरकारी खजाने में जमा हो पाता है। बाकी पैसा अधिकारी व मुलाजिम हड़प कर जाते हैं। पीएयू गेट नंबर तीन के पास भी लगने वाली रेहड़ियां एक अफसर की सिफारिश पर चल रही हैं।

## पहले प्रति महीना ढ़ाई लाख की होती थी कलेक्शन


चर्चा है कि कुछ दिन पहले निगम कमिश्नर ओजस्वीं द्वारा सभी जोन के अफसरों और तहबाजारी टीमों के साथ मीटिंग की गई। इस दौरान टीमों को शहर में रेहड़ियां लगवाकर उनसे फंड जुटाने के आदेश दिए गए हैं। जिसमें कहा गया कि पहले हर महीने ढ़ाई लाख रुपए प्रति जोन इकट्ठा होते थे। लेकिन अब दायरा बढ़ाकर 10 रुपए लाख कर दिया गया है। टीमों द्वारा इन आदेशों पर काम करना भी शुरू कर दिया गया है।

# जीरकपुर रियल एस्टेट की पड़ताल, विशेषज्ञ बोले- जांच के बिना निवेश करना सबसे बड़ा जोखिम

## घर खरीदने से पहले 10 बार सोचिए..खरीदार कहां कर रहे सबसे बड़ी गलती, कैसे बचें करोड़ों के नुकसान से

जीरकपुर/यूटर्न/29 जुलाई। पिछले कुछ वर्षों में जीरकपुर के कई रियल एस्टेट विवादों ने एक बात साफ कर दी है कि घर या दुकान खरीदना केवल बिल्डर की प्रतिष्ठा या आकर्षक विज्ञापन देखकर नहीं होना चाहिए। अलग-अलग परियोजनाओं में सामने आए मामलों से यह स्पष्ट हुआ कि खरीदारों को निवेश से पहले कानूनी, तकनीकी और वित्तीय पहलुओं की पूरी जांच करनी चाहिए। रेरा का उद्देश्य भी पारदर्शिता बढ़ाना और खरीदारों को शिकायत का मंच उपलब्ध कराना है।

**खरीदार सबसे ज्यादा कहां चूक करते हैं**...रियल एस्टेट विशेषज्ञों के अनुसार अधिकांश खरीदार ब्रोशर, लॉन्च ऑफर या ऊंचे रिटर्न के वादों पर भरोसा कर लेते हैं। बाद में उन्हें पता चलता है कि निर्माण की वास्तविक प्रगति, स्वीकृतियां या अनुबंध की शर्तें उनकी अपेक्षाओं से अलग हैं।




**निवेश से पहले इन 10 बातों की जांच जरूर करें**

01. परियोजना पंजाब रेरा में पंजीकृत है या नहीं।
02. रेरा पोर्टल पर घोषित समाप्ति (कंप्लीशन) तिथि क्या है।
03. बिल्डर के खिलाफ पहले से कोई बड़ा रेरा, उपभोक्ता आयोग या न्यायालय का मामला लंबित है या नहीं।
04. भूमि, नक्शा और अन्य सरकारी स्वीकृतियां पूरी हैं या नहीं।
05. यदि परियोजना तैयार बताई जा रही है तो ऑक्यूपेशन/कम्प्लीशन सर्टिफिकेट उपलब्ध है या नहीं।
06. बिल्डर-बायर एग्रीमेंट की सभी शर्तें पढ़ें।
07. भुगतान केवल बैंकिंग माध्यम से करें।
08. साइट का स्वयं निरीक्षण करें।
09. किसी स्वतंत्र संपत्ति वकील से दस्तावेजों की जांच कराएं।
10. किसी भी मौखिक वादे पर नहीं, केवल लिखित दस्तावेजों पर भरोसा करें।

**यदि विवाद हो जाए तो क्या करें**....विशेषज्ञों का कहना है कि खरीदार पहले बिल्डर को लिखित नोटिस दें। समाधान न मिलने पर पंजाब रेरा या उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कर सकते हैं। दोनों मंच अलग-अलग परिस्थितियों में राहत प्रदान कर सकते हैं। पंजाब रेरा परियोजनाओं की जानकारी देखने और शिकायत दर्ज करने की ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध कराता है।

## ‘फोटो वीडियो एक्सपो-2026’ का भव्य समापन, किसान भवन में जुटे उत्तर भारत के फोटोग्राफर और कंटेंट क्रिएटर्स



चंडीगढ़/यूटर्न/29 जुलाई। चंडीगढ़ फोटोग्राफर्स एसोसिएशन (सीपीए) द्वारा आयोजित दो दिवसीय ‘फोटो वीडियो एक्सपो-2026’ का बुधवार को सेक्टर-35 स्थित किसान भवन में भव्य समापन हुआ। एक्सपो के दूसरे दिन चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश सहित उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में पेशेवर फोटोग्राफरों, वीडियोग्राफरों, युवाओं और कंटेंट क्रिएटर्स ने भाग लिया। समापन समारोह में पंजाब के जल संसाधन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल, पंजाब मंडी बोर्ड के चेयरमैन सरदार हरचंद सिंह बरसत तथा चंडीगढ़ के महापौर सौरभ जोशी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं, व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव चड्ढा ने भी एक्सपो का दौरा कर आयोजन की सराहना की।

एक्सपो का उद्देश्य फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के क्षेत्र में तेजी से विकसित हो रही आधुनिक तकनीकों, नवीनतम कैमरों, लेंसों, एडवांस लाइटिंग उपकरणों और वीडियो एडिटिंग सॉफ्टवेयर से पेशेवरों और नए कंटेंट क्रिएटर्स को परिचित कराना था।

### आधुनिक तकनीकों का हुआ प्रदर्शन

एक्सपो में देश-विदेश की अग्रणी कंपनियों ने अपने नवीनतम कैमरे, लेंस, एडवांस लाइटिंग सिस्टम और अन्य फोटोग्राफी उपकरणों का प्रदर्शन किया। विशेषज्ञों ने आधुनिक कैमरा सेंसर, डिजिटल तकनीकों और वीडियो एडिटिंग सॉफ्टवेयर पर लाइव डेमो देकर प्रतिभागियों को नई तकनीकों की जानकारी दी।

### नेटवर्किंग का भी मिला मंच

कार्यक्रम ने उत्तर भारत के फोटोग्राफरों और कंटेंट क्रिएटर्स को एक ही मंच पर आने, उद्योग विशेषज्ञों से संवाद करने और नए व्यावसायिक अवसर तलाशने का अवसर भी प्रदान किया। समापन अवसर पर चंडीगढ़ फोटोग्राफर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सरोज सिंह चौहान, चेयरमैन जे.पी. गरचा और महासचिव सुनील भट्ट ने सभी प्रतिभागियों, सहयोगी कंपनियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## भाबत में दो युवक डोप टेस्ट में मिले पॉजिटिव, एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज

जीरकपुर/यूटर्न/29 जुलाई। जीरकपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो युवकों के खिलाफ नशे के सेवन के आरोप में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। दोनों का डोप टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद पुलिस ने आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार एएसआई इकरांत गोयल अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि ट्रिनिटी अस्पताल के निकट भाबत स्थित खेल मैदान के पास दो युवक नशा कर रहे हैं तथा अन्य युवाओं को भी इसकी लत लगाने का प्रयास कर रहे हैं।

सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आर्यन पुत्र कृष्णा धीमान निवासी कैथल (हाल निवासी न्यू अट्टा चक्की, पटियाला रोड, भाबत) तथा गुरप्रीत सिंह उर्फ गुरी पुत्र जसवीर सिंह निवासी शेखन माजरा, मोहाली को हिरासत में लिया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के तहत कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए दोनों की तलाशी ली, लेकिन उनके कब्जे से कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ। इसके बाद दोनों को सिविल अस्पताल, ढकोली ले जाकर डोप टेस्ट कराया गया। पुलिस के अनुसार मेडिकल जांच में दोनों के नशे का सेवन करने की पुष्टि हुई। इसके आधार पर आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 27, 61 और 85 के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

# हाईकोर्ट का बड़ा आदेश: मेयर इंद्रजीत कौर से फाइनेंस संबंधी लिए फैसलों पर मांगा एफिडेविट

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/29 जुलाई। नगर निगम लुधियाना की फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट्स कमेटी (एफएंडसीसी) से जुड़े मामले में पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में दायर याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान माननीय पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। याचिकाकर्ता और वार्ड नंबर 26 के पार्षद गौरव भट्टी ने स्वयं माननीय कोर्ट में उपस्थित होकर कहा कि फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट्स कमेटी (एफएंडसीसी) की अब तक कोई बैठक आयोजित नहीं की गई है, फिर भी मौखिक आदेशों के आधार पर फाइनेंस से जुड़े निर्णय लिए जा रहे हैं। इस पर नगर निगम लुधियाना के ज्वाइंट कमिश्नर ने इन दावे को गलत बताया। सुनवाई के दौरान माननीय हाईकोर्ट ने याचिका में प्रतिवादी नंबर 3 यानि कि मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर को निर्देश दिया कि वह अपना लिखित में एक एफिडेविट कोर्ट में दाखिल करें। जिसके जरिए वे यह स्पष्ट करें कि याचिका दायर होने की तारीख के बाद यदि कोई वित्तीय निर्णय लिए गए हैं, तो उनका पूरा विवरण कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया जाए।



मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर



पार्षद गौरव भट्टी




### निगम की पारदर्शिता से जुड़ा है मामला

पार्षद गौरव भट्टी ने कहा कि यह मामला नगर निगम में पारदर्शिता, जवाबदेही और कानून के शासन से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि माननीय हाईकोर्ट का यह आदेश सुनिश्चित करेगा कि याचिका दायर होने के बाद क्या कोई फैसले लिए गए थे या नहीं। अगर लिए गए थे तो उन्हें न्यायालय के समक्ष रिकॉर्ड पर लाए जाएं। मामले की अगली सुनवाई 7 अगस्त को निर्धारित की गई है।

# एग्जीबिशन में भीड़, सड़कों पर जाम से लोग परेशान

लुधियाना/यूटर्न/29 जुलाई। भाईवाला चौक पर वैसे ही रोजाना ट्रैफिक जाम लोगों के लिए परेशानी बना रहता है, लेकिन भाई वाला चौक के नजदीक एक बड़े होटल में चल रही एग्जीबिशन के चलते यह समस्या और गंभीर होती नजर आ रही है। एग्जीबिशन में पहुंच रहे लोगों की बड़ी संख्या के कारण सड़क पर वाहनों का दबाव बढ़ गया और चौक के आसपास लंबी-लंबी कतारें लग गई। सबसे ज्यादा परेशानी उन वाहन चालकों को हुई, जिन्हें फ्लाईओवर या पुल की ओर जाना था। ट्रैफिक का दबाव इतना बढ़ गया कि आम राहगीरों को भी काफी देर तक जाम में फंसे रहना पड़ा। वहीं फेरोज गांधी मार्केट की ओर मुड़ने वाला रास्ता भी वाहनों की लंबी कतारों के कारण प्रभावित रहा।



### खुद मोटी कमाई कर जनता को परेशानी में डाल रहे

बता दें कि इस होटल में आए दिन एग्जीबिशन लगती है, जिससे सड़कों पर जाम लगता है। दरअसल, होटल प्रबंधक अपनी कमाई के चक्कर में दबाकर एग्जीबिशन लगवाते हैं। जिसकी एवज में मोटी रकम भी वसूल करते हैं। लेकिन उनके पास पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान नहीं होने के चलते लोग सड़कों पर वाहन खड़े कर देते हैं।

### चंद कदम दूर खड़ते है ट्रैफिक मुलाजिम

*चर्चा है कि ट्रैफिक पुलिस मुलाजिम एकदम सामने चौक में सुबह से लेकर शाम तक खड़े होते हैं। लेकिन फिर भी वे एक्शन नहीं लेते। हालांकि इस ट्रैफिक जाम और रॉन्ग पार्किंग के कारण सड़क हादसे भी बढ़ रहे हैं। लेकिन अब देखना होगा कि पुलिस द्वारा ट्रैफिक में बांधा डालने पर होटल मालिक खिलाफ मामला दर्ज किया जाता है या नहीं।*

# बंदी सिखों की रिहाई को लेकर चंडीगढ़ में बवाल, वारिस पंजाब दे समर्थकों और पुलिस के बीच टकराव

**बैरिकेड तोड़कर मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़े प्रदर्शनकारी, पुलिस ने वाटर कैनन से रोका; ट्रैफिक व्यवस्था भी प्रभावित**

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/29 जुलाई। बंदी सिखों की रिहाई की मांग को लेकर बुधवार को चंडीगढ़ में उस समय तनाव चरम पर पहुंच गया, जब वारिस पंजाब दे के समर्थकों ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान के सरकारी आवास की ओर कूच करने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच कई दौर की धक्का-मुक्की, नारेबाजी और टकराव के बाद हालात को काबू में करने के लिए पुलिस को वाटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने वाटर कैनन का रुख मोड़ने की भी कोशिश की, जिससे कुछ समय के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सुबह से ही पंजाब के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में समर्थक चंडीगढ़-मोहाली सीमा पर जुटने लगे थे। प्रशासन ने पहले से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करते हुए सेक्टर-45 स्थित गौशाला चौक सहित कई संवेदनशील स्थानों पर भारी पुलिस बल और बैरिकेड तैनात किए थे। हालांकि प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड हटाने और तोड़ने का प्रयास किया, जिसके बाद पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी झड़प और नारेबाजी शुरू हो गई।



**सीएम आवास की ओर बढ़े समर्थक, सुरक्षा घेरा और कड़ा...** बैरिकेड पार करने के बाद प्रदर्शनकारियों का एक समूह मुख्यमंत्री भगवंत मान के सरकारी आवास की ओर बढ़ गया। हालात को देखते हुए पुलिस ने अतिरिक्त सुरक्षा बल बुलाकर पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में ले लिया। मुख्यमंत्री आवास के आसपास सभी प्रमुख मार्गों पर निगरानी बढ़ा दी गई और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट पर रखा गया।



पेज 06 गुरुपूर्णिमा पर श्री राम शरणम का विशाल...

# अपने समर्थको को भी जोड़कर नहीं रख पाए राजा वड़िंग, अनदेखी से गुटबाजी सामने आई

लुधियाना/यूटर्न/29 जुलाई। एक तरफ कांग्रेस पार्टी की लोकसभा चुनाव में गुटबाजी देखने के बाद अब पंजाब प्रधानगी को लेकर पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी और सांसद राजा वड़िंग में खींचतान चल रही है। वहीं दूसरी तरफ लुधियाना में फिर से पार्टी नेताओं में गुटबाजी शुरू हो चुकी है। राजा वडिंग के लोकसभा चुनाव में पूरा दम लगाने वाले कारोबारी और समाजसेवी मुकेश जैन नवकार बिट्टू नवकार ने भी खुलकर विरोध शुरू कर दिया है। दरअसल, बिट्टू नवकार द्वारा हल्का सेंट्रल से कांग्रेस पार्टी की टिकट की दावेदारी ठोकी जा रही है। इसके लिए बकायदा उन्होंने सुंदर नगर में अपना ऑफिस भी खोल लिया है। चर्चा है कि राजा वडिंग द्वारा बिट्टू नवकार जैसे नेताओं को तवज्जो नहीं दी गई, जिसके चलते अब वे आशु गुट में शामिल हो चुके हैं। हालांकि हल्का सेंट्रल से वडिंग गुट के पूर्व विधायक सुरिंदर डावर भी खुद को कांग्रेस पार्टी का उम्मीदवार मान रहे हैं। अब देखना होगा कि पार्टी किसे टिकट देती है और किसे शांत करके बैठाया जाएगा। वहीं चर्चाएं शुरू हो गई है कि राजा वडिंग उन्हें जिताने में अहम रोल अदा करने वाले पार्टी वर्करों को भी अपने साथ जोड़ने में असमर्थ दिखाई दे रहे हैं।




बिट्टू नवकार द्वारा वायरल किया गया पोस्टर



## मिशन 2027 का वायरल हुआ पोस्टर

दरअसल, बिट्टू नवकार की और से एक पोस्टर वायरल किया गया है। जिसमें लिखा है कि मेरा हल्का, मेरा परिवार इस बार बिट्टू नवकार। हालांकि उन्होंने कांग्रेस पार्टी के हाथ पंजे के निशानर के साथ मिशन 2027 भी लिखा है। जिससे जाहिर है कि वे कांग्रेस पार्टी की तरफ से हल्का सेंट्रल से चुनाव लड़ने का मन बना चुके हैं।

## वडिंग की कैंपेन में निभाई अहम भूमिका

चर्चा है कि 2024 में लोकसभा चुनाव के दौरान राजा वडिंग लुधियाना से टिकट पर चुनाव लड़े थे। इस दौरान बिट्टू नवकार द्वारा उनकी कैंपेन में अहम भूमिका निभाई गई थी। चर्चा है कि वडिंग के जीतने के बाद बिट्टू नवकार को उनसे वे दर्जा नहीं मिला, जो उन्होंने सोचा था। जिसके बाद नवकार लगातार दूरी बनाते चले गए। आखिर अब उन्होंने चुनाव लड़ने की तैयारी कर ली है। हालांकि बिट्टू नवकार हल्का सेंट्रल से पूर्व विधायक सुरिंदर डावर के भी करीबी रह चुके हैं। लेकिन आज उनकी जगह पर ही टिकट की मांग की जा रही है।

## पोस्टर से वडिंग की तस्वीर हटी, आशु की लगी

एक तरफ जहां पार्टी के बाकी लीडरों द्वारा हर पोस्टर में किसी और की फोटो हो या न हो, लेकिन पार्टी प्रधान राजा वडिंग की फोटो जरुर लगाई जाती है। लेकिन बिट्टू नवकार के पोस्टर से वडिंग की फोटो गायब है। जिससे आपसी मनमुटाव साफ देखने को मिल रहे हैं। वहीं पोस्टर में पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु की फोटो जरुर दिख रही है। पहले पूर्व विधायक सिमरजीत सिंह बैंस और कमलजीत सिंह कड़वल में विवाद चल रहा था, लेकिन पिछले दिनों दोनों लीडरों में समझौता होने पर लुधियाना में पार्टी की गुट्टबाजी खत्म होने की संभावनाएं जताई जा रही थी। लेकिन अब बिट्टू नवकार की इस पोस्ट ने नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है।

# अलग-अलग एसोसिएशन द्वारा नवनियुक्त चेयरमैन शहजादा को सम्मानित किया



लुधियाना/यूटर्न/29 जुलाई। भाई मन्ना सिंह नगर एसोसिएशन, अकाल मार्केट रेडीमेड एसोसिएशन ने अरोड़ा खत्री वैल्फेयर बोर्ड विधानसभा आत्म नगर के नवनियुक्त चेयरमैन जसपाल सिंह शहजादा को सिरोपा भेंट कर नई जिम्मेदारी संभालने पर बधाई दी। इस अवसर पर पंजाब ट्रेड कमीशन विधानसभा उतरी के चेयरमैन राजू चावला विशेष तौर उपस्थित रहे। मना सिंह नगर एसोसिएशन के संरक्षक अमरजीत सिंह हैप्पी, अकाल मार्केट रेडीमेड एसोसिएशन के प्रधान मनप्रीत सिंह बंटी, हरप्रीत सिंह खालसा, कुलजीत सिंह धंजल और दविन्द्र सिंह राजू,जसपाल सिंह शहजादा को बधाई दी। राजू चावला ने जसपाल सिंह शहजादा की तरफ से किए जा रहे सामाजिक व धार्मिक कार्यों की प्रंशसा करते हुए कहा उनके चैयरमैन बनने से अरोड़ा-खत्री बिरादरी की समस्याओ का समाधान घर बैठे होगा।

# फीको ने डीआईसी के नए जीएम से की मुलाकात, उद्योगों के अहम मुद्दे उठाए



लुधियाना/यूटर्न/29 जुलाई। फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल ऑर्गेनाईजेशन (फीको) के अध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह कुलार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी), लुधियाना के नवनियुक्त जीएम मनिंदर सिंह से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और उद्योग जगत की प्रमुख समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। फीको ने साइकिल, सिलाई मशीन और कृषि उपकरण उद्योगों में जीएसटी रिफंड में हो रही देरी का मुद्दा उठाया।

# सफाई सेवकों की हड़ताल से सड़कों से लेकर गलियों तक फैला कूड़ा, बीमारी फैली तो सरकार होगी ज़िम्मेदार - मेहता

लुधियाना/यूटर्न/29 जुलाई। स्थानीय निकाय मंत्री हरजोत सिंह बैंस एक तरफ सफाई सेवकों की हड़ताल खत्म करवाने का दावा कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सड़कों से लेकर गली-मोहल्लों तक कूड़े-कचरे के ढेर लगते जा रहे हैं। इससे उमस भरी गर्मी में बीमारियाँ फैलने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। ये विचार वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद परमिंदर मेहता ने सरकार के अड़ियल रवैये के कारण सफाई सेवकों की हड़ताल समाप्त न होने से उत्पन्न हालात पर टिप्पणी करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने हैरानी जताई कि स्थानीय निकाय मंत्री एसी कमरों में बैठकर अपने समर्थक नेताओं के साथ बैठकें कर हड़ताल समाप्त होने और सफाई सेवकों की माँगें मानने के खोखले दावे कर रहे हैं। जबकि उन्हें स्वयं मैदान में उतरकर सफाई सेवकों से सीधी बातचीत करनी चाहिए और उनकी जायज माँगों को स्वीकार करना चाहिए। मेहता ने कहा कि हरजोत सिंह बैंस स्थानीय निकाय मंत्रालय संभालने में, अन्य मंत्रालयों की तरह, पूरी तरह असफल साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए मुख्यमंत्री को स्वयं हस्तक्षेप कर सफाई सेवकों की माँगें मानने की घोषणा करनी चाहिए।



# चिट्टे पर मौलीजागरां पुलिस का बड़ा प्रहार, 18.30 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

चंडीगढ़/यूटर्न/29 जुलाई। शहर में नशे के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए चंडीगढ़ पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। मौली जागरां थाना पुलिस ने विशेष अभियान के दौरान एक युवक को 18.30 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि वह नशीला पदार्थ कहां से लाता था और शहर में किन लोगों तक इसकी सप्लाई करता था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हैल्लोमाजरा बिट्टू कुमार के रूप में हुई है। उसके खिलाफ एफआईआर नंबर 104, दिनांक 28 जुलाई 2026 के तहत थाना मौलीजागरां में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।



## गश्त के दौरान हुई गिरफ्तारी

पुलिस के मुताबिक 28 जुलाई को एसआई मनोज कुमार अपनी टीम के साथ नियमित गश्त पर थे। इसी दौरान संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर एक युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 18.30 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी बरामद नशीले पदार्थ से संबंधित कोई वैध दस्तावेज या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बरामद हेरोइन को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया पूरी की और आरोपी को अदालत में पेश किया। अदालत से पुलिस रिमांड मिलने के बाद अब उससे गहन पूछताछ की जा रही है।

## ड्रग सप्लाई नेटवर्क पर पुलिस की नजर

जांच अधिकारी यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि आरोपी किस गिरोह से जुड़ा हुआ है, उसे हेरोइन कौन उपलब्ध कराता था और शहर में किन लोगों तक इसकी सप्लाई की जाती थी। पुलिस का मानना है कि पूछताछ में नशा तस्करी से जुड़े अन्य लोगों के नाम भी सामने आ सकते हैं।

# मोहाली में न्यू होराइजन वीजा कंसल्टेंट का लाइसेंस रद्द

## कई शिकायतों और आपराधिक मामलों के बाद एडीसी का बड़ा फैसला, नियमों के उल्लंघन पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई




मोहाली/यूटर्न/29 जुलाई। मोहाली में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीसी) गीतिका सिंह ने पंजाब ट्रैवल प्रोफेशनल्स रेगुलेशन एक्ट-2012 के तहत कार्रवाई करते हुए मैसर्स न्यू होराइजन वीजा कंसल्टेंट का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। फर्म का कार्यालय फेज-3ए मोहाली में स्थित है। एडीसी द्वारा जारी आदेशों के अनुसार फर्म के मालिक नितिन वर्मा को कंसल्टेंसी कार्य के लिए लाइसेंस 24 अप्रैल 2025 को जारी किया गया था, जिसकी वैधता 23 अप्रैल 2030 तक थी। हालांकि, फर्म के खिलाफ विभिन्न व्यक्तियों की ओर से लगातार शिकायतें प्राप्त होने के बाद मामले की जांच उपमंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) मोहाली को सौंपी गई।

आदेश में कहा गया है कि पुलिस विभाग से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार फर्म और इसके प्रोपराइटर के खिलाफ पंजाब और हरियाणा में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं और इमिग्रेशन एक्ट के तहत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा लाइसेंसधारक ने स्वयं भी लाइसेंस सरेंडर करने के लिए आवेदन दिया था।

जांच के दौरान जिला प्रशासन की ओर से फर्म को कई बार नोटिस जारी कर लाइसेंस जारी होने के बाद किए गए कार्यों का रिकॉर्ड, मासिक स्व-घोषणाएं, नियमानुसार भेजी जाने वाली रिपोर्टें, वित्तीय खातों का ब्यौरा तथा दर्ज आपराधिक मामलों से संबंधित आवश्यक दस्तावेज और स्पष्टीकरण मांगा गया। इसके बावजूद फर्म की ओर से कोई संतोषजनक जवाब या आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। एडीसी गीतिका सिंह ने बताया कि इसे पंजाब ट्रैवल प्रोफेशनल्स रेगुलेशन एक्ट-2012 और संबंधित नियमों का उल्लंघन मानते हुए धारा 6(1)(ई) और नियम 4(1)(आई 1) के तहत फर्म का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में यदि फर्म, उसके मालिक या उसके कार्यों से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित फर्म और उसके मालिक की होगी और उन्हें नियमानुसार जवाबदेह ठहराया जाएगा।

# 'समवेदना-2' सम्मान समारोह 18 अगस्त को, पंजाब के राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि



चंडीगढ़/यूटर्न/29 जुलाई। नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम आफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफा) चंडीगढ़ ने पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया को 'समवेदना-2' सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण दिया। राज्यपाल ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए 18 अगस्त का समय दिया है और चंडीगढ़ में समारोह का आयोजन होगा। टीम निफा चंडीगढ़ के अध्यक्ष राकेश संगर के साथ डीबी जैन, राजन रेक्खी, रणदीप बत्ता ने राज्यपाल से मुलाकात की।

टीम निफा चंडीगढ़ के अध्यक्ष राकेश संगर ने राज्यपाल को बताया गया कि निफा वर्ष 2000 से सामाजिक सेवा, मानव कल्याण, स्वैच्छिक रक्तदान और युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य कर रही है। संगठन की देशभर के 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ-साथ विदेशों में भी सक्रिय इकाइयां हैं। संगठन को राष्ट्रीय युवा पुरस्कार सहित कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं तथा सामाजिक जागरूकता अभियानों के लिए नौ विश्व रिकॉर्ड भी दर्ज हैं। निफा चंडीगढ़ और श्री शिव कांवड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट ने पिछले पांच वर्षों में 1,800 से अधिक रक्तदान शिविर आयोजित कर 1,03,667 यूनिट रक्त एकत्रित किया है। कोविड-19 महामारी के दौरान रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने में संगठन की भूमिका की कई गणमान्य हस्तियों ने सराहना की थी। वर्ष 2021 में निफा द्वारा शुरू किया गया 'समवेदना' अभियान तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के वीडियो संदेश के साथ प्रारंभ हुआ था। इस अभियान के तहत एक ही दिन में सबसे अधिक रक्तदान शिविर आयोजित करने का विश्व रिकॉर्ड भी स्थापित किया गया। इसी क्रम में आयोजित 'समवेदना-2' अंतरराष्ट्रीय रक्तदान अभियान 16 मार्च 2025 से 15 अप्रैल 2026 तक राष्ट्रीय रक्त आधान परिषद (एनबीटीसी) के सहयोग से चलाया गया। अभियान के दौरान निफा चंडीगढ़ द्वारा लगभग 100 रक्तदान शिविर आयोजित किए गए।

इन शिविरों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्वयंसेवकों, रक्तदाताओं और सामाजिक कार्यकताओं को सम्मानित किया जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि वे 18 अगस्त 2026 को चंडीगढ़ में प्रस्तावित 'समवेदना-2' सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर रक्तदाताओं और स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करेंगे।

# एनआरआई पति सहित सास पर केस दर्ज, शादी के बाद छोड़ने और दहेज उत्पीड़न के आरोप

मोहाली/यूटर्न/29 जुलाई। शादी के कुछ माह बाद ही एनआरआई पति के अमेरिका लौट जाने, दहेज की मांग करने और विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से निकालने के आरोप में एनआरआई थाना मोहाली पुलिस ने पति और सास के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई एडीजीपी, एनआरआई विंग पंजाब के आदेश के बाद की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार खरड़ के गांव माजात निवासी अमनदीप कौर ने एडीजीपी एनआरआई विंग को शिकायत देकर बताया था कि उसका विवाह 9 फरवरी 2026 को फतेहगढ़ साहिब के गांव भटेड़ी निवासी तथा वर्तमान में अमेरिका में रह रहे हरप्रीत सिंह के साथ सिख रीति-रिवाज से हुआ था। शिकायत में आरोप लगाया गया कि विवाह से पहले ही ससुराल पक्ष ने भव्य शादी और महंगी गाड़ी की मांग रखी थी। मांग पूरी करने के लिए परिवार ने 18 लाख रुपये नकद दिए, भारी मात्रा में सोना दिया तथा शादी पर करीब 1.20 करोड़ रुपये खर्च किए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि शादी के बाद उसका पति शराब पीकर मारपीट और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। शरीर पर इलाज के बाद बने एक निशान को लेकर भी उस पर बेबुनियाद आरोप लगाए गए।

# गुरु पूर्णिमा पर मास्टर शाम लाल सुनेजा सम्मानित, भ्राता मुल्कराज जैन को मिली 'गुरु' की उपाधि:- राजेश जैन बॉबी





लुधियाना/यूटर्न/29 जुलाई। देशभर में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में लुधियाना में न्यू यंग फाइव स्टार क्लब की ओर से गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।समारोह के दौरान समाजसेवी एवं वरिष्ठ व्यक्तित्व मास्टर शाम लाल सुनेजा को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वहीं भ्राता मुल्कराज जैन को 'गुरु' की उपाधि प्रदान कर विशेष सम्मान दिया गया।इस अवसर पर न्यू यंग फाइव स्टार क्लब के अध्यक्ष एवं युवा नेता राजेश जैन बॉबी ने कहा कि गुरु भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं।

गुरु केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि जीवन को सही दिशा और संस्कार भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा हमें अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान, श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देती है तथा सभी को उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।इस मौके पर राकेश टंडन, राजीव जैन, संजय जैन, महेश दत्त शर्मा, रोहित शर्मा, के.के. सूरी, सोनू रेहलिया, रितिक अरोड़ा सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# रोड रेज में युवक की हत्या के दोषी तीनों आरोपियों को उम्रकैद, छह साल बाद आया फैसला

मोहाली/यूटर्न/29 जुलाई। जीरकपुर के पास वर्ष 2019 में रोड रेज के दौरान 43 वर्षीय कुलदीप सिंह उर्फ रोमी की हत्या के मामले में मोहाली की अदालत ने छह साल बाद बड़ा फैसला सुनाया है। एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज की अदालत ने तीनों दोषियों गुरविंदर सिंह, सुखविंदर सिंह और परविंदर सिंह को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 के तहत दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। डिप्टी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी हरदीप सिंह रोमाणा ने बताया कि अदालत ने हत्या के अलावा धारा 341 के तहत एक माह, धारा 323 के तहत छह माह तथा धारा 506/34 के तहत एक वर्ष के कारावास की सजा भी सुनाई है। हालांकि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार 30 जून 2019 को शिकायतकर्ता पवन अपने दोस्तों कुलदीप सिंह उर्फ रोमी और निपुण जैन के साथ स्कोडा कार में पंचकूला से जीरकपुर लौट रहे थे। गाजीपुर-सैनिया क्षेत्र के पास एक फोर्ड फिगो कार चालक ने उनकी गाड़ी के साथ चलकर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब कुलदीप सिंह ने इसका विरोध किया तो दूसरी कार ने उनका रास्ता रोक लिया। इसके बाद तीन अन्य गाड़ियां भी मौके पर पहुंच गई और उनमें सवार लोगों ने कुलदीप सिंह को कार से बाहर निकालकर बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी।

बचाव के लिए आए पवन और निपुण जैन के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। हमले के दौरान कुलदीप सिंह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गए।




पेज 12 संसद में पंजाब के SC/ST उद्यमियों का मुद्दा...


# वारिस पंजाब दे का विरोध प्रदर्शन: अमृतपाल जेल में, चंड़ीगढ़ बैरिकेड्स में

चंडीगढ़/यूटर्न/29 जुलाई। बुधवार को अकाली दल (वारिस पंजाब दे) ने जेल में बंद खडूर साहिब के सांसद अमृतपाल सिंह के राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दे को फिर से उठाने की कोशिश की। उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के सरकारी आवास की ओर मार्च किया, जिससे चंडीगढ़ और मोहाली में भारी ट्रैफिक जाम लग गया और राज्य सरकार व अमृतपाल के समर्थकों के बीच एक और टकराव की स्थिति बन गई। पार्टी के सैकड़ों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मोहाली के गुरुद्वारा अंब साहिब से पैदल मार्च शुरू किया। नेशनल सिक्योरिटी एक्ट (एनएसए) के तहत डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में बंद अमृतपाल सिंह और अन्य सिख कैदियों की तुरंत रिहाई की मांग कर रहे थे। पार्टी के झंडे लिए और नारे लगाते हुए, प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के आवास की ओर मार्च करने की कोशिश की, लेकिन चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर भारी पुलिस बल ने उन्हें रोक दिया। पुलिस ने कई लेयर में बैरिकेड्स लगाए थे। जब प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा घेरा तोड़ने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया। कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया और इलाके में कई घंटों तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।







### आम जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

इस विरोध प्रदर्शन ने ट्राईसिटी (चंडीगढ़, मोहाली, पंचकूला) में आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। ऑफिस जाने के व्यस्त समय के दौरान कई मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक लगभग ठप हो गया। ऑफिस जाने वालों, छात्रों और अस्पताल जा रहे मरीजों सहित हजारों लोग कई किलोमीटर लंबे ट्रैफिक जाम में फंस गए। वाहन चालकों ने बताया कि मोहाली और चंडीगढ़ को जोड़ने वाले कई रास्तों पर एक घंटे से ज्यादा की देरी हुई, क्योंकि जाम आस-पास के सेक्टरों तक फैल गया और वैकल्पिक रास्ते भी जाम हो गए। पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवाएं भी प्रभावित हुईं, जिससे कई यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना बदलनी पड़ी।

### ट्रैफिक पुलिस ने रूट किए डायवर्ट

विरोध प्रदर्शन की आशंका को देखते हुए, चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने कई अहम रास्तों पर डायवर्जन और प्रतिबंध लगाने के लिए एडवाइजरी जारी की थी। इनमें यूटी-मोहाली बॉर्डर, सरोवर पथ, आईएसबीटी-43 और मुख्यमंत्री आवास तक जाने वाली सड़कें शामिल थीं। पहले से चेतावनी मिलने के बावजूद, दिन के ज्यादातर समय ट्रैफिक बुरी तरह प्रभावित रहा। कानून-व्यवस्था की तत्काल चुनौती के अलावा, इस विरोध प्रदर्शन के गहरे राजनीतिक मायने भी हैं। यह ऐसे समय में हुआ है जब आम आदमी पार्टी की सरकार पंजाब में अहम राजनीतिक लड़ाइयों से पहले प्रशासनिक स्थिरता और अच्छे शासन की छवि पेश करने की कोशिश कर रही है।

# राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मिले ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के वाईस प्रेसिडेंट ,परिवहन और जनहित के मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा



चंडीगढ़/यूटर्न/29 जुलाई। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट एवं राजस्थान परिवार के संस्थापक समाजसेवी पवन शर्मा ने मंगलवार को पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से राजभवन में मुलाकात कर परिवहन और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान सेक्टर-32 अस्पताल के नर्सिंग ऑफिसर विजय कुमार, इंद्रजीत कौर, लुधियाना से यू टर्न अखबार के मालिक संदीप शर्मा तथा उनके सहयोगी अजीत झा भी मौजूद रहे। सेक्टर-32 अस्पताल के नर्सिंग ऑफिसर से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। राज्यपाल ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और मामले में आगे की कार्रवाई के लिए प्रतिनिधिमंडल को बुधवार को दोबारा मिलने के लिए कहा।

बैठक में पवन शर्मा ने लंबे समय से बंद पड़ी कालका-बाड़मेर ट्रेन सेवा को दोबारा शुरू करने की मांग प्रमुखता से उठाई। इस पर राज्यपाल ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए कहा कि यदि पुरानी ट्रेन सेवा बहाल नहीं हो पाती है तो नई ट्रेन शुरू कराने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। पवन शर्मा ने खाटू श्याम, करणी माता और गुगामेड़ी के लिए तीन नई बस सेवाएं जल्द शुरू कराने का भी आग्रह किया। उन्होंने राज्यपाल से चंडीगढ़ परिवहन सचिव दिप्रवा लाकड़ा से इस संबंध में चर्चा कर आवश्यक परमिट शीघ्र जारी करवाने का अनुरोध किया। पवन शर्मा ने बताया कि इस विषय पर पहले से ही सकारात्मक प्रगति हो रही है।

बैठक के दौरान ट्रांसपोर्ट सेक्टर से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। राज्यपाल ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। पवन शर्मा ने उन्हें ट्रांसपोर्ट एरिया का दौरा करने का निमंत्रण दिया तथा वहां लंबे समय से लंबित लेबर हॉस्टल के निर्माण कार्य को जल्द शुरू कराने का भी अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास जताया कि राज्यपाल के सकारात्मक आश्वासन से परिवहन क्षेत्र और जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मामलों के समाधान की दिशा में तेजी आएगी।

## रामदरबार में पुलिस का बड़ा एक्शन: कुख्यात नशा तस्कर गिरफ्तार, 12.44 ग्राम हेरोइन बरामद

चंडीगढ़/यूटर्न/29 जुलाई। चंडीगढ़ पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक कुख्यात ड्रग पेडलर को गिरफ्तार किया है। थाना सेक्टर-31 की पुलिस ने रामदरबार क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पंचकुला राजीव कॉलोनी निवासी आयुष उर्फ शेरा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12.44 ग्राम हेरोइन बरामद की है। यह कार्रवाई यूटी की एसएसपी कंवरदीप कौर (आईपीएस) के निर्देश, एसपी सिटी के.एम. प्रियंका के मार्गदर्शन तथा एसडीपीओ साउथ गुरजीत कौर की निगरानी में थाना सेक्टर-31 के एसएचओ इंस्पेक्टर हरिओम के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार, 28 जुलाई की शाम करीब 6:25 बजे एएसआई सागर अपनी टीम के साथ रामदरबार बीट में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान बीएसएफ मुख्यालय के पास जंगल क्षेत्र में एक युवक पुलिस को देखकर अचानक मुड़कर भागने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे घेरकर पकड़ लिया।



पूछताछ और तलाशी के दौरान आरोपी ने अपनी पैंट में छिपाई गई एक प्लास्टिक की पुड़िया फेंकने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे बरामद कर लिया। मौके पर एमएफटी टीम द्वारा जांच करने पर बरामद पदार्थ हेरोइन पाया गया। वजन करने पर इसकी कुल मात्रा 12.44 ग्राम निकली। इसके बाद पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## गुरु पूर्णिमा पर राजकीय आदर्श उच्च विद्यालय में शिक्षकों का सम्मान, पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



चंडीगढ़/यूटर्न/29 जुलाई। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर राजकीय आदर्श उच्च विद्यालय, हेलो माजरा में बुधवार को सम्मान एवं प्रेरणा से भरपूर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनुराधा गुप्ता सहित सभी शिक्षकों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान गुरु-शिष्य परंपरा, शिक्षा के महत्व और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ आत्मीय संवाद करते हुए उनके विचार और अनुभव सुने। वक्ताओं ने कहा कि गुरु केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों को संस्कार, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और जीवन में सफलता का मार्ग भी दिखाते हैं। गुरु पूर्णिमा जैसे अवसर समाज में शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का संदेश देते हैं। इस अवसर पर गुरु पूर्णिमा की खुशियां साझा करते हुए सभी शिक्षकों एवं अतिथियों का लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। कार्यक्रम को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए विद्यालय परिसर में अमरूद का पौधा भी लगाया गया। प्रधानाध्यापिका अनुराधा गुप्ता, शिक्षकगण और उपस्थित अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि जिस प्रकार एक गुरु अपने शिष्य के व्यक्तित्व को ज्ञान और संस्कारों से विकसित करता है, उसी प्रकार पौधों की देखभाल कर उन्हें भी मजबूत और फलदायी बनाना हमारी जिम्मेदारी है।

# गुरु पूर्णिमा पर निर्मल स्वामी आश्रम में भक्तों ने की पूजा-अर्चना, गूंजे भजन-कीर्तन

अमृतसर/यूटर्न/29 जुलाई। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अमृतसर स्थित निर्मल स्वामी आश्रम में बड़ी संख्या में हिंदू श्रद्धालु एकत्र हुए। स्वामी सहजदीप महाराज ने श्रद्धालुओं के साथ सबसे पहले निर्मल स्वामी जी महाराज की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना कर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद श्रद्धालुओं ने अपने गुरु स्वामी सहजदीप महाराज का पूजन कर उनका



आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर आश्रम में भजन-कीर्तन, धार्मिक प्रवचन और लंगर का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि, समाज में सद्भाव और विश्व शांति की प्रार्थना की। इस अवसर पर स्वामी सहजदीप महाराज ने कहा, 'गुरु पूर्णिमा गुरु के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और समर्पण व्यक्त करने का पावन पर्व है। गुरु के बताए मार्ग पर चलकर ही जीवन में ज्ञान, शांति और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त की जा सकती है।'

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Online मानहानि (Defamation): कब बनता है कानूनी मामला?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

पहले किसी व्यक्ति की बदनामी अखबार, पोस्टर या लोगों के बीच फैलाई जाती थी। आज वही काम कुछ ही मिनटों में Social Media के एक Post, Comment, Reel या Video से हो सकता है।

कई लोग गुस्से या मजाक में किसी व्यक्ति के बारे में झूठी बातें लिख देते हैं। कई बार बिना जांचे किसी के खिलाफ आरोप लगा देते हैं या किसी की प्रतिष्ठा खराब करने के उद्देश्य से Post शेयर कर देते हैं। यदि इससे किसी व्यक्ति की छवि को नुकसान पहुंचता है, तो यह मानहानि (Defamation) का मामला बन सकता है।

मान लीजिए किसी व्यापारी के बारे में बिना किसी सबूत के यह लिख दिया जाए कि वह लोगों के साथ धोखाधड़ी करता है। या किसी डॉक्टर, वकील, शिक्षक या अन्य पेशेवर व्यक्ति के बारे में झूठे आरोप लगाकर उनकी प्रतिष्ठा खराब करने की कोशिश की जाए। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्ति कानूनी कार्रवाई कर सकता है।

लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हर आलोचना (Criticism) मानहानि होती है। यदि कोई व्यक्ति सच्चे तथ्यों के आधार पर अपनी राय रखता है या सार्वजनिक हित में सही जानकारी साझा करता है, तो हर बार उसे मानहानि नहीं माना जाएगा। कानून झूठे और दुर्भावना से किए गए आरोपों तथा उचित आलोचना के बीच अंतर करता है।

आजकल एक और गलती लोग अक्सर करते हैं। किसी और द्वारा लिखी गई झूठी Post या Video को बिना जांचे आगे Share कर देते हैं। यदि उस सामग्री से किसी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचता है, तो केवल मूल पोस्ट करने वाला ही नहीं, बल्कि उसे फैलाने वाला व्यक्ति भी कानूनी विवाद में फंस सकता है।

इसलिए किसी भी व्यक्ति, संस्था या व्यवसाय के बारे में गंभीर आरोप लगाने से पहले तथ्यों की पुष्टि करना जरूरी है। Social Media पर लिखी गई बात कुछ ही समय में हजारों लोगों तक पहुंच सकती है और उसका प्रभाव लंबे समय तक रह सकता है।

निष्कर्ष: Social Media पर अपनी राय रखना आपका अधिकार है, लेकिन किसी के बारे में झूठे आरोप लगाना या उसकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना कानूनी परेशानी का कारण बन सकता है। Post करने से पहले सोचें, और Share करने से पहले सच जरूर जांचें।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### हमने अपने बच्चों को पढ़ाया तो बहुत, पर संस्कार देने में कहीं न कहीं कमी रह गई।

शिक्षा मनुष्य के जीवन का आधार है, लेकिन केवल किताबों का ज्ञान ही पर्याप्त नहीं होता। यदि शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार न हों, तो उसका वास्तविक उद्देश्य अधूरा रह जाता है। आज के समय में यह बात कई घटनाओं से स्पष्ट होती दिखाई देती है। हाल ही में CJP के धरना-प्रदर्शन के दौरान जिस तरह कुछ युवाओं ने अनुशासनहीन व्यवहार किया, वह समाज के लिए चिंता का विषय है। मतभेद होना लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन अपनी बात रखने का तरीका हमेशा मर्यादित और सभ्य होना चाहिए। माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई पर लाखों रुपये खर्च करते हैं, उन्हें अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाते हैं, लेकिन यदि सम्मान, धैर्य, संयम और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे संस्कार नहीं दिए जाएँ, तो शिक्षा का महत्व कम हो जाता है। अच्छे संस्कार ही व्यक्ति को सही और गलत का अंतर समझाते हैं तथा उसे जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि परिवार और विद्यालय मिलकर बच्चों के चरित्र निर्माण पर भी उतना ही ध्यान दें, जितना उनकी पढ़ाई पर देते हैं। शिक्षित होने के साथ-साथ संस्कारी होना भी उतना ही आवश्यक है। तभी हमारा समाज सभ्य, अनुशासित और मजबूत बन सकेगा तथा आने वाली पीढ़ी देश के लिए एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करेगी।

# गुरु पूर्णिमा पर किन्नर समाज ने साईं बाबा को सोने का छत्र किया अर्पित

चंडीगढ़/यूटर्न/29 जुलाई। गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर साई लाडली गुरु मां बंटी महंत- किन्नर समाज और साई मंदि ट्रस्ट सेक्टर 29 के आपसी सहयोग से साई बाबा जी को सोने का छत्र अर्पित किया ज्ञान। साई बाबा को पूरे - विधि -विधान से छत्र पहनाया गया। साई बाबा को अर्पण करने से पहले छत्र का मंदिर में पहले विधिपूर्वक पूजन किया गया। साई लाडली गुरु मां बंटी महंत- किन्नर समाज और साई मंदिर ट्रस्ट के महासचिव मनीष गुप्ता ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर साई बाबा जी को बाबा जी को सोने का छत्र 40 तोले गोल्ड, 5 किलो चांदी है। जिसपर कुल लागत 75 लाख के करीब है। उन्होंने बताया कि साई मंदिर ट्रस्ट





और बंटी महंत की तरफ से 50-50 हिस्सा शेयर किया गया है। गुरु मां बंटी महंत- किन्नर समाज ने बताया कि अपने गुरु को अर्पित करने के लिए गुरु पूर्णिमा से अच्छा मौका कोई नहीं हो सकता।

# सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर में भव्य संध्या चौकी, भक्तिमय भजनों से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु



लुधियाना/यूटर्न/29 जुलाई। सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर, जोशी नगर धाम, शंकराचार्य नगर में साप्ताहिक संध्या चौकी का भव्य एवं दिव्य आयोजन मंदिर प्रधान अमन जैन, चेयरमैन ऋषि जैन एवं उपप्रधान अनुज मदान की अध्यक्षता में श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दिव्य सिद्ध दरबार में विराजमान श्री बालाजी महाराज के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। संध्या चौकी के दौरान प्रसिद्ध भजन गायिका रुचि सिंगला रिहांशी सिंगला ने अपनी मधुर एवं भक्तिमय वाणी से श्री बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। संध्या चौंकी दौरान श्री सालासर धाम एवं श्री मेहंदीपुर बालाजी धाम के पावन छिटे श्रद्धालुओं पर किए गए तथा श्री बालाजी महाराज के समक्ष पवित्र ध्वज फहराकर विश्व शांति, सुख-समृद्धि, सनातन धर्म की उन्नति एवं समस्त मानव कल्याण की मंगलकामना की गई। अंत में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा के पाठ के साथ संध्या चौकी का विधिवत समापन हुआ तथा उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रधान अमन जैन, चेयरमैन ऋषि जैन, उपप्रधान अनुज मदान, सौरव जैन, सोमनाथ मड़कन, ज्योति गुप्ता, संजय गुप्ता, अरविंद टिल्लू, नरिंदर नथानी, राहुल हांडा, संदीप पब्बी, सतीश डंग, रोहित डंग, पुनीत शर्मा, संदीप धमीजा, भारती सोनी, वेद लूथरा, अनिल जैन, गीतांश गांधी, देवांश जैन, अश्वनी मग्गू, सन्नी सतीजा, प्रतीक सोहर, विवेक शर्मा, मनीष अरोड़ा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## गुरु ही जीवन को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले पथप्रदर्शक हैं : अमन ऋषि जैन / अनुज मदान

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर, जोशी नगर धाम, शंकराचार्य नगर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ।





कार्यक्रम मंदिर के प्रधान अमन जैन, चेयरमैन ऋषि जैन एवं उपप्रधान अनुज मदान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।इस अवसर पर बाबा लाल दयाल जी महाराज का वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि-विधान से पूजन किया गया। प्रात :काल उनकी पावन प्रतिमा का दूधाभिषेक कर दिव्य श्रृंगार किया गया, जिसके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। यजमान हांडा परिवार की ओर से राहुल हांडा, रोहित हांडा, दिशू हांडा ,सपना रानी , कोमल ,अंशिका ,गोलू ने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की तथा विशाल भंडारे में सेवा कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर प्रधान व भगवान ठाकुर जी के अनन्य भक्त अमन जैन ने भगवान ठाकुर जी को अपने गुरु स्वरूप मानकर श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

# 'आप' यूथ विंग मालवा जोन की अहम मीटिंगः 2027 में 100 से ज्यादा सीटें जीतने का संकल्प



लुधियाना/यूटर्न/29 जुलाई। आम आदमी पार्टी यूथ विंग पंजाब के स्टेट वाइस प्रेसिडेंट और मालवा जोन इंचार्ज स. परमिंदर सिंह संधू और स्टेट सेक्रेटरी स. रवि गिल की लीडरशिप में आज लुधियाना के बचत भवन में मालवा जोन सेंट्रल यूथ विंग की एक जरूरी मीटिंग हुई। मीटिंग के दौरान, नए बने पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत और सम्मान किया गया। इस मौके पर पार्टी की नीतियों को हाईकमान की तरफ से जारी निर्देशानुसार बूथ लेवल तक संगठन को मजबूत करने के बारे में विस्तार से बातचीत हुई। स. परमिंदर सिंह संधू ने सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, 'यूथ विंग का हर पदाधिकारी गांव, वार्ड और बूथ लेवल पर संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी लगन से काम करे, ताकि पार्टी की लोगों के हक की नीतियों घर-घर तक पहुंच सकें।' मीटिंग में मौजूद सभी पदाधिकारियों ने एक साथ भरोसा दिलाया कि वे 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव में पूरी लगन और मेहनत से काम करेंगे और 100 से ज्यादा सीटें जीतने और आम आदमी पार्टी की सरकार फिर से बनाने में अपनी पूरी ताकत लगाएंगे। मीटिंग आने वाले समय में संगठन को और मजबूत करने व लोगों से और गहराई से जुड़ने के संकल्प के साथ खत्म हुई।

# फूड सेफ्टी टीम की सप्लीमेंट स्टोर पर रेड, बड़ी मात्रा में खाली रैपर जब्त, सैंपल भरे



लुधियाना/यूटर्न/29 जुलाई। घटिया, मिथ्या-लेबलयुक्त (मिसब्रांडेड) एवं संदिग्ध खाद्य उत्पादों की बिक्री के विरुद्ध अपने अभियान को और तेज करते हुए स्वास्थ्य विभाग, लुधियाना की फूड सेफ्टी टीम ने बुधवार को टिब्बा रोड स्थित एक सप्लीमेंट स्टोर पर रेड की। निरीक्षण के दौरान टीम ने विभिन्न न्यूट्रिशनल सप्लीमेंट्स के बड़ी मात्रा में आयातित खाली रैपर बरामद कर जब्त किए। आशंका है कि इन खाली रैपरों को जाली सप्लीमेंट पर लगाया जा रहा था। बिक्री हेतु उपलब्ध उत्पादों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा की पुष्टि के लिए टीम ने वेट गेनर, आइसोप्योर व्हे प्रोटीन, व्हे प्रोटीन तथा अल्ट्रा प्योर व्हे फॉर्मूला के चार नमूने एकत्रित किए, जिन्हें विस्तृत जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेज दिया गया है। रेड में शामिल डॉ. आशीष चावला, जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग उपभोक्ताओं को असुरक्षित, मिलावटी, मिसब्रांडेड एवं नकली खाद्य उत्पादों से बचाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुसार स्वास्थ्य सप्लीमेंट्स का व्यवसाय करने वाले प्रत्येक फूड बिजनेस ऑपरेटर के लिए केवल अधिकृत स्रोतों से प्राप्त लाइसेंसधारी उत्पादों की बिक्री करना तथा उत्पादों पर वैध एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर, बैच नंबर, निर्माण एवं समाप्ति तिथि, सामग्री का विवरण, पोषण संबंधी जानकारी तथा जहां लागू हो आयातकर्ता का विवरण अंकित करना अनिवार्य है।

# पराली के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कारोबारियों और भट्ठा संचालकों के साथ डीसी ने की बैठक



लुधियाना/यूटर्न/29 जुलाई। डीसी लुधियाना हिमांशु जैन की ओर से बुधवार को उद्योगपतियों, ईंट-भट्ठा संचालकों और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर धान की पराली से तैयार होने वाले पेलेट और ब्रिकेट को ईंधन के रूप में अपनाने की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने उद्योगों और ईंट-भट्ठों में पराली आधारित ईंधन के उपयोग को बढ़ाने के निर्देश दिए। डीसी ने संबंधित विभागों को पराली के भंडारण, परिवहन, मशीनों की अनुकूलता तथा निर्बाध आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के लिए कहा। इस दौरान डीडीपीओ को पराली के भंडारण के लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित कर समयबद्ध तरीके से आवश्यक आधारभूत ढांचा विकसित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पराली की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने, बेलर मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उद्योगों को पराली आधारित ईंधन अपनाने के लिए हर संभव सहयोग देने पर भी जोर दिया गया।

## व्यापारी की दुकान के बाहर खड़ी कार को लगी आग, सीसीटीवी में दिखा संदिग्ध



लुधियाना/यूटर्न/29 जुलाई। भदौड़ हाउस के पास एक क्रॉकरी व्यापारी की दुकान के बाहर खड़ी स्विफ्ट कार को अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। राहगीरों द्वारा इसकी जानकारी व्यापारी और फायर ब्रिगेड विभाग को दी गई। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। जब व्यापारी ने सीसीटीवी कैमरे देखे तो उसमें व्यक्ति भागते हुए नजर आया। जिसके चलते शक है कि उसने ही कार को आग लगाई थी। व्यापारी ने इस संबंध में थाना कोतवाली की पुलिस को शिकायत दे दी है। जानकारी देते हुए व्यापारी तरुण ने बताया कि उनकी श्री कृष्णा ट्रेडर्ज के नाम से शॉप है। वह क्रॉकरी का कारोबार करते हैं। उनकी स्विफ्ट कार पिछले 4-5 साल से दुकान के बाहर ही खड़ी होती थी। मंगलवार तड़के करीब चार बजे बजे उन्हें किसी व्यक्ति का फोन आया कि उनकी कार में आग लगी हुई है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे। तरुण ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने पर एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया है। फुटेज में वह दुकान के आसपास घूमता नजर आता है और कुछ देर बाद कूड़ा उठाकर कार की ओर जाता दिखाई देता है। इसके बाद जब वह वहां से लौटता है तो कुछ ही देर में कार में आग लग जाती है। घटनास्थल से प्लास्टिक के गिलास और अन्य सामान भी बरामद हुआ है।

## ड्राइवर ने शकी हालातों में फंदा लगा की खुदखुशी, परिवार ने हत्या की जताई आशंका



लुधियाना/यूटर्न/29 जुलाई। ढोलेवाल के प्रभात नगर इलाके में एक ड्राइवर युवक ने शकी हालातों में कमरे में पंखे के साथ फंदा लगाकर खुदखुशी कर ली। हालांकि इस घटना में परिवार द्वारा गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। परिवार का कहना है कि युवक ने सुसाइड नहीं किया, बल्कि उसकी हत्या हुई है। उसके शरीर पर चोट के निशाना भी बताए जा रहे हैं। मृतक की पहचान मनोज कुमार के रूप में हुई है। थाना डिवीजन नंबर छह की पुलिस सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लाश कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। मनोज कुमार के मामा सुनील ने बताया कि मनोज ने मौत से पहले उन्हें फोन कर किसी के साथ झगड़ा होने की बात कही थी। वह मौके पर पहुंचे और कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने कई बार फोन भी किया, लेकिन मनोज ने कॉल रिसीव नहीं की। सुनील ने बताया कि कुछ देर इंतजार करने के बाद वह वहां से लौट गए। अगले दिन सुबह दोबारा फोन किया तो नंबर बंद मिला। बाद में उन्हें फोन पर मनोज की मौत की सूचना मिली।

# गुरुपूर्णिमा पर श्री राम शरणम का विशाल महापूजन, संत अश्वनी बेदी बोले– सद्गुरु की शरण से मिलता है ज्ञान और परम शांति









लुधियाना/यूटर्न/29 जुलाई। गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री राम शरणम श्री राम पार्क के प्रमुख संत अश्वनी बेदी जी महाराज की अध्यक्षता में स्थानीय शहंशाह पैलेस में विशेष महापूजन एवं विशाल सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंजाब सहित देश-विदेश से हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सभा का शुभारंभ अमृतवाणी पाठ और साधकों द्वारा पूज्य श्री स्वामी जी महाराज एवं परम पूज्य श्री प्रेम जी महाराज को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद मां रेखा बेदी,



आशिमा बेदी, संयम बेदी भल्ला और कुमार संजीव ने भजनों की प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। अपने प्रवचन में संत अश्वनी बेदी जी महाराज ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के प्रथम गुरु उसके माता-पिता होते हैं, जबकि सद्गुरु की शरण में आने से जीवन को सही दिशा, ज्ञान और आत्मिक शांति प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि राम-नाम का निष्काम भाव से जप, तप, ध्यान और उपासना मनुष्य के भीतर नैतिकता, संतोष और आनंद का संचार करती है। सच्चे संत की संगति से मन को परम शांति मिलती है और साधक के जीवन में आध्यात्मिक जागृति आती है। उन्होंने कहा कि सच्चा गुरु स्वयं प्रभु भक्ति में लीन रहता है और अपने संपर्क में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को भी भक्ति के रंग में रंग देता है। ऐसे सद्गुरु चंदन के समान होते हैं, जिनकी संगति से जीवन सुगंधित और सार्थक बन जाता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को सावधान करते हुए कहा कि संसार में लोभ और दिखावे में फंसे तथाकथित गुरुओं की कमी नहीं है, इसलिए प्रत्येक साधक को योग्य और सच्चे सद्गुरु की पहचान करना आवश्यक है। भक्ति केवल बाहरी कर्मकांड नहीं, बल्कि ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण, प्रेम और तन्मयता का नाम है।

# श्री महावीर दशहरा कमेटी जगरांव ने निकाली भव्य झंडा यात्रा, शहर में गूंजे वीर बजरंगबली के जयकारे

## धार्मिक उत्साह के साथ हुआ दशहरा उत्सव का आगाज, जगह-जगह हुआ फूलों की वर्षा से स्वागत



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/29/जुलाई। श्री महावीर दशहरा कमेटी जगरांव मंडी द्वारा बुधवार को एक भव्य झंडा यात्रा निकालकर वार्षिक दशहरा उत्सव की धार्मिक गतिविधियों का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सुबह कमेटी के प्रधान अंकुर गुप्ता के नेतृत्व में सदस्यों और श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की, जिसके उपरांत वीर बजरंगबली के जयकारों के बीच झंडा यात्रा को रवाना किया गया।

शहर के मुख्य बाजारों से होकर गुजरी इस यात्रा का मार्ग में विभिन्न स्थानों पर व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने यात्रा पर पुष्प वर्षा कर अपनी अगाध आस्था प्रकट की, जबकि यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने गगनभेदी धार्मिक नारों से पूरे वातावरण को पूरी तरह से भक्तिमय बना दिया।


### कमेटी का संदेश

कमेटी के प्रधान अंकुर गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि हर साल की तरह इस बार भी दशहरा उत्सव अत्यंत श्रद्धा, धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने शहर के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस पावन उत्सव में शामिल होकर धर्म लाभ कमाएं।

प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति: इस पावन अवसर पर पंजाब दलित बोर्ड के चेयरमैन विजय दानव, नगर कौंसिल के अध्यक्ष कंवरपाल सिंह, पूर्व विधायक एस.आर. कलेर, ह्यआपह्न नेता प्रो. सुखविंदर सिंह, मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन कमलजीत सिंह मल्लां, आढ़तिया एसोसिएशन के अध्यक्ष कन्हैया गुप्ता (बाका), पूर्व कौंसिलर एडवोकेट अंकुश धीर, राजेशइंदर सिद्धू, डॉ. राजिंदर शर्मा, राजिंदर जैन काका, गोपी शर्मा, हरी ओम मित्तल, भूषण मित्तल, दीपइंदर सिंह भंडारी, बिंदर मनीला, अनमोल गुप्ता, शेट्टी चोपड़ा, अश्वनी बल्लू, एडवोकेट अंकुर धीर, रविंदर सभरवाल, मनमोहन सिंगला सहित कई अन्य प्रमुख धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक शख्सियतें विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

# श्री सिद्धपीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव, हजारों श्रद्धालुओं ने लिया गुरु महाराज का आशीर्वाद

## पंचामृत अभिषेक, यज्ञ, ब्राह्मण पूजन, हरिनाम संकीर्तन और भजनों से भक्तिमय हुआ वातावरण





लुधियाना/यूटर्न/29 जुलाई। सिविल लाइन स्थित श्री सिद्धपीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में बुधवार को गुरु पूर्णिमा (व्यास पूजा) महोत्सव श्रद्धा, आस्था और भक्ति भाव के साथ

पंडित राज कुमार शर्मा की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और हजारों भक्तों ने श्री दंडी स्वामी महाराज के चरणों में नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। महोत्सव का शुभारंभ प्रात:काल पारंपरिक झंडा रस्म के साथ हुआ। इसके उपरांत श्री लक्ष्मी नारायण भगवान, श्री शिव परिवार एवं श्री दंडी स्वामी महाराज का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंचामृत से भव्य अभिषेक एवं विशेष पूजन किया गया। महाआरती के दौरान पूरा मंदिर 'जय गुरुदेव' के जयघोष से गूंज उठा और प्रथम दर्शन कर श्रद्धालु स्वयं को धन्य महसूस करते नजर आए।





इसके बाद गढ़दीवाला (पंजाब) से पधारे पंडित सुदेश शर्मा ने वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार विशेष पूजन संपन्न करवाया।

वहीं, बनारस से पधारे श्री दंडी स्वामी महाराज के प्रपौत्र मुकुल पांडे एवं मंदिर के अध्यक्ष पंडित राज कुमार शर्मा ने श्री गुरु महाराज का विधिवत पूजन एवं वंदन किया। इस अवसर पर ब्राह्मण पूजन भी किया गया तथा यज्ञशाला में पूणाहुति अर्पित कर विश्व शांति, समाज की सुख-समृद्धि और मानव कल्याण की कामना की गई।

# पुलिस अत्याचारों के खिलाफ रोष प्रदर्शन, थाने के आगे धरना लगातार चौथे साल भी जारी

## जगरांव में लोकतंत्र शर्मसार: पीड़ित परिवारों को न्याय मिलने तक संघर्ष रहेगा जारी, नेताओं ने प्रशासन को चेताया

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/29/जुलाई। स्थानीय थाने के बाहर पुलिस अत्याचारों के खिलाफ न्याय की मांग को लेकर चल रहा धरना चौथे वर्ष में प्रवेश कर गया है। इसी कड़ी में पीड़ित परिवारों और लोकतांत्रिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने थाने के समक्ष रोष प्रदर्शन किया और प्रशासन पर आरोपियों को बचाने का गंभीर आरोप लगाया। प्रेस को जारी बयान में देहाती मजदूर सभा के सचिव निर्मल सिंह धालीवाल, गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार कमेटी के अध्यक्ष जसप्रीत सिंह ढोलण और मजदूर संघर्ष कमेटी के अध्यक्ष भरपूर सिंह छज्जावाल ने कहा कि मौजूदा पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तत्कालीन थाना प्रभारी गुरिंदर सिंह बल्ल और उनके साथियों को बचाने में जुटे हुए हैं। उन्होंने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि पीड़ितों को सालों-साल बीत जाने के बाद भी न्याय न मिलना लोकतंत्र के माथे पर एक बड़ा कलंक है।



### क्या है पूरा मामला:

मुकदमे के मुख्य पैरोकार इकबाल सिंह रसूलपुर ने खुलासा किया कि तत्कालीन थाना प्रभारी गुरिंदर सिंह बल्ल और एएसआई राजवीर सिंह ने जातिगत द्वेष के चलते उनके दोनों परिवारों को अगवा कर अवैध हिरासत में रखा और अमानवीय प्रताड़ना दी। उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़ित कुलवंत कौर को करंट लगाया गया और उनकी भाभी मनप्रीत कौर को यौन प्रताड़ना का शिकार बनाया गया। इन गंभीर मामलों की अनेकों लिखित शिकायतें और दस्तावेजी सबूत होने के बावजूद आज तक आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। नेताओं ने चेतावनी दी है कि जब तक पीड़ित परिवारों को पूर्ण न्याय नहीं मिल जाता, तब तक यह संघर्ष और अधिक तेज गति से जारी रहेगा। इस रोष प्रदर्शन के दौरान सुरिंदर कौर रसूलपुर, कमलजीत कौर, जत्थेदार चरत सिंह, जत्थेदार भोला सिंह, कुलदीप सिंह चौहान, जगदीश सिंह बिंजल, सुखदेव सिंह, प्रकाश सिंह लीला और पूर्व सरपंच तरसेम सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# यूथ कांग्रेस प्रधान ने साथियों समेत एक व्यक्ति को पीटा, तीन पर पर्चा दर्ज

खन्ना/यूटर्न/29 जुलाई। हल्का पायल के यूथ कांग्रेस प्रधान और उनके दो साथियों पर मारपीट करने के आरोप लगे हैं। जिसके चलते थाना पायल की पुलिस ने किरणजीत सिंह निवासी गांव जीरख की शिकायत पर गुरनाज सिंह जीरख और उनके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना के बाद आम आदमी पार्टी ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता किरणजीत सिंह ने बताया कि मंगलवार वह सुआ पुली घलौटी की ओर सैर के लिए जा रहे थे। इसी दौरान यूथ कांग्रेस हलका पायल के अध्यक्ष गुरनाज सिंह जीरख अपने दो साथियों के साथ मोटरसाइकिल पर वहां पहुंचे। शिकायत के अनुसार, गुरनाज सिंह और उनके दो साथियों ने किरणजीत सिंह को रास्ते में रोककर नीचे गिरा दिया और उसके साथ मारपीट की। वारदात के बाद तीनों मौके से फरार हो गए। घायल किरणजीत सिंह को पहले सिविल अस्पताल मलौद ले जाया गया, जहां इलाज के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए लुधियाना रेफर कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घायल की मेडिकल रिपोर्ट और डॉक्टरों की अंतिम राय अभी आनी बाकी है। रिपोर्ट मिलने के बाद जरूरत पड़ने पर मामले में अन्य धाराएं भी जोड़ी जा सकती हैं। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।



# पीर मुछल्ला की आस्था सिटी रोड का निर्माण शुरू, लोगों को मिलेगी राहत

जीरकपुर/यूटर्न/29 जुलाई। पीर मुछल्ला क्षेत्र के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। लंबे समय से बदहाल पड़ी आस्था सिटी रोड के निर्माण कार्य की बुधवार से शुरूआत हो गई। सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर स्थानीय लोग लंबे समय से शिकायत कर रहे थे। अब नगर परिषद ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार दो दिन पहले हलका डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने पीर मुछल्ला का दौरा किया था। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने उनके समक्ष सड़क की खराब हालत और आवाजाही में आ रही दिक्कतों का मुद्दा उठाया। विधायक ने मौके पर ही नगर परिषद के अधिकारियों को निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर शुरू करने के निर्देश दिए थे।



# सनमती विमल जैन स्कूल के क्रिकेट खिलाड़ियों ने लहराया परचम

## अंडर-17 टीम ने जीता पहला स्थान, जोनल खेल प्रतियोगिताओं में छाए युवा खिलाड़ी

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/29/जुलाई। शिक्षा के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित करने के बाद अब सनमती विमल जैन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने खेल के मैदान में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से राजकीय हाई स्कूल रामगढ़ भुल्लर में आयोजित 70वीं जोनल स्कूल खेल प्रतियोगिताओं में स्कूल की अंडर-17 क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया है। इस बड़ी जीत से न केवल स्कूल बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है।




### खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन से मिली ऐतिहासि जीत

टूर्नामेंट के दौरान टीम के सभी खिलाड़ियों ने सूझबूझ और आक्रामक खेल का बेहतरीन समन्वय दिखाया। विजेता टीम में शामिल आजम इंद्रिशी, मानव जोत, राजवीर सिंह, तरुण मौर्य, बिने कुमार, सादिक शर्मा, जशन कुमार, साहिल कुमार, जैसनोर सिंह, अंकुश कुमार, जतिन और गुरशरणदीप सिंह ने अपने शानदार खेल कौशल के दम पर टीम को यह गौरवशाली सफलता दिलाई।

**स्कूल पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत:** जीत के बाद जब विजेता खिलाड़ी स्कूल लौटे, तो उनका स्वागत बेहद गर्मजोशी के साथ किया गया। प्रिंसिपल सुप्रिया खुराना ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनका मुंह मीठा कराया और भविष्य में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। स्कूल मैनेजमेंट कमेटी ने खिलाड़ियों, उनके कोच और खेल स्टाफ की पीठ थपथपाते हुए इस उपलब्धि पर गर्व जताया।

# रजिंदर सिंह सिद्धू की बरसी पर विशेष समागम, रक्तदान शिविर, अटूट लंगर और पौधे बांटकर दी गई श्रद्धांजलि

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/29/जुलाई। राजिंदर सिंह सिद्धू की वार्षिक बरसी के अवसर पर सिद्धू परिवार द्वारा उनकी याद को समर्पित एक रक्तदान शिविर, अटूट लंगर और पौधे वितरण (बूटों का लंगर) का आयोजन किया गया। इस समागम में बड़ी संख्या में रक्तदाताओं, धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक शख्सियतों ने भाग लेकर मानवता की सेवा का संदेश दिया।





समागम के दौरान रक्तदाताओं ने उत्साह के साथ रक्तदान करते हुए जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की। अटूट लंगर की सेवा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सिद्धू परिवार द्वारा पौधों के लंगर की विशेष सेवा भी की गई।

इस अवसर पर उपस्थित शख्सियतों ने कहा कि स्वर्गीय राजिंदर सिंह सिद्धू हमेशा समाज भलाई के कार्यों से जुड़े रहे और उनकी याद में ऐसे सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।

स्वर्गीय राजिंदर सिंह सिद्धू के सुपुत्र राजेश इंदर सिंह सिद्धू ने समागम में शामिल हुई सभी शख्सियतों और रक्तदाताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि सिद्धू परिवार भविष्य में भी समाज सेवा के हर कार्य में अपना अधिक से अधिक योगदान देता रहेगा।

समागम में बाबा रंजीत सिंह जी (गुरुद्वारा दशमेश नगर), बाबा बग्गा जी (नानकसर ठाठ विरका), बाबा मग्गर सिंह जी (हाता), पूर्व विधायक एस. आर. कलेर, जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष मेजर सिंह मुल्लांपुर, पूर्व जिला अध्यक्ष करनजीत सिंह सोनी गालिब, ब्लॉक अध्यक्ष हरप्रीत सिंह धालीवाल, नगर कौंसिल अध्यक्ष कंवरपाल सिंह, सीनियर मीत अध्यक्ष सतीश कुमार पप्पू, मीत अध्यक्ष वरिंदर कलेर, जिला परिषद सदस्य हरविंदर सिंह चाहल और गुरप्रीत कौर सहित अन्य सामाजिक, राजनीतिक नेता, पंच-सरपंच और बड़ी संख्या में इलाका निवासी उपस्थित रहे।

# प्रधान का इस्तीफा पहला अध्याय था; भोपाल में दूसरा अध्याय शुरू

चंडीगढ़/यूटर्न/29 जुलाई। NEET विवाद को लेकर देशव्यापी छात्र आंदोलन के कारण केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के एक हफ़्ते से भी कम समय में, एक और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है—इस बार मध्य भारत के केंद्र में। बुधवार को हजारों किसान अपनी मूंग की फसल की न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर खरीद की मांग को लेकर भोपाल पहुंचे। NEET विरोध प्रदर्शनों से चर्चा में आए 'कॉकरोच जनता पार्टी' (CJP) के युवा कार्यकताओं ने भी इस आंदोलन में हिस्सा लिया।



यह घटनाक्रम राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। 2020-21 के कृषि कानूनों के विरोध आंदोलन के दौरान, आंदोलन का मुख्य केंद्र पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश था। किसान यूनियनों द्वारा अभियान को बढ़ाने की कोशिशों के बावजूद, मध्य, पूर्वी और दक्षिणी भारत के बड़े हिस्सों में भागीदारी अपेक्षाकृत कम रही। इसलिए, भोपाल में किसानों का यह जमावड़ा बताता है कि किसानों की नाराजगी अब केवल पारंपरिक कृषि-विरोध वाले इलाकों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उन क्षेत्रों में भी सामने आ रही है जो पिछले देशव्यापी आंदोलन के दौरान काफी हद तक इससे दूर रहे थे। लगभग 2,000 किसानों ने पुलिस बैरिकेड्स तोड़ दिए और अनाज की बोरियां, बिस्तर, बर्तन और राशन लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव के आवास की ओर मार्च किया, जिससे संकेत मिला कि वे अनिश्चित काल तक विरोध जारी रखने के इरादे से आए हैं। उनका आरोप है कि राज्य की खरीद नीति और ई-टोकन प्रणाली ने उन्हें अपनी उपज का एक बड़ा हिस्सा ₹8,768 प्रति क्विंटल के MSP से कम कीमत पर बेचने के लिए मजबूर किया है। सरकार और किसान प्रतिनिधियों के बीच बातचीत बेनतीजा रही। राज्य सरकार ने बातचीत जारी रखने के लिए एक समिति बनाने की घोषणा की, लेकिन प्रदर्शनकारी किसानों ने टरढ पर पूरी खरीद के लिखित आश्वासन के बिना पीछे हटने से इनकार कर दिया।

CJP की भागीदारी ने आंदोलन को एक नया आयाम दिया है। हाल के NEET विरोध प्रदर्शनों का चेहरा बनकर उभरा यह युवा संगठन अब शिक्षा से आगे बढ़कर आजीविका और शासन से जुड़े मुद्दों पर भी अपना अभियान बढ़ा रहा है।

क्या यह केवल राज्य-स्तर का आंदोलन बना रहेगा या एक व्यापक राजनीतिक आंदोलन का रूप ले लेगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि मध्य प्रदेश सरकार खरीद विवाद को कितनी जल्दी सुलझाती है। लेकिन ठएएळ विरोध प्रदर्शनों के ठीक बाद, भोपाल में किसानों का यह जमावड़ा संकेत देता है कि समाज के विभिन्न वर्गो में मुद्दों पर आधारित विरोध प्रदर्शन जोर पकड़ रहे हैं, जो चुनावी राजनीति से परे नई राजनीतिक चुनौतियां पेश कर रहे हैं।

# एमएस एन्क्लेव प्लॉट विवाद में पुलिस कार्रवाई पर उठे सवाल, पीड़ितों ने निष्पक्ष जांच की मांग

जीरकपुर/यूटर्न/29 जुलाई। ढकोली स्थित एमएस एन्क्लेव में एक प्लॉट को लेकर विवाद अब सार्वजनिक रूप से सामने आ गया है। प्लॉट खरीदार होने का दावा करने वाले रवि पलटा और मुकेश जिंदल ने बुधवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता कर आरोप लगाया कि उनकी शिकायतों के बावजूद पुलिस ने अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।




## पुलिस का पक्ष

मामले में संपर्क करने पर ढकोली थाना प्रभारी सतिंदर सिंह ने बताया कि उन्होंने हाल ही में थाना प्रभारी का कार्यभार संभाला है। उनके अनुसार अभी उन्हें मामले की पूरी जानकारी नहीं है। यदि जांच के दौरान किसी प्रकार की अनियमितता या गलत कार्रवाई सामने आती है तो कानून के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

**नोटः** फिलहाल मामला जांचाधीन है। पीड़ितों ने अपने आरोप सार्वजनिक किए हैं, जबकि पुलिस का कहना है कि तथ्यों की जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। दोनों पक्षों के दावों की पुष्टि पुलिस जांच के निष्कर्षों के बाद ही हो सकेगी।

पीड़ितों ने दावा किया कि उन्होंने सुरेंद्र कुमार से संबंधित प्लॉट की विधिवत खरीद की थी तथा उनके पास रजिस्ट्री, इंतकाल और अन्य आवश्यक दस्तावेज मौजूद हैं। उनका आरोप है कि कुछ लोगों ने प्लॉट का नंबर मिटाकर कब्जा करने का प्रयास किया और विरोध करने पर उन्हें धमकियां भी दी गईं।

रवि पलटा और मुकेश जिंदल के अनुसार, उन्होंने मामले की शिकायत ढकोली थाना, एसपी और एसएसपी कार्यालय सहित कई अधिकारियों को लिखित रूप से दी। इसके अलावा पुलिस सहायता के लिए 100 और 112 नंबर पर भी कॉल की, लेकिन उनकी शिकायतों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि वे लगातार न्याय की उम्मीद में प्रशासनिक कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं।

प्रेस वार्ता के दौरान दोनों ने प्लॉट से संबंधित दस्तावेजों के साथ कुछ तस्वीरें भी मीडिया के समक्ष प्रस्तुत कीं। उनका दावा है कि इन तस्वीरों में प्लॉट पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को क्षतिग्रस्त किए जाने के प्रमाण दिखाई देते हैं। उन्होंने पंजाब पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से पूरे मामले की पारदर्शी जांच कराने की मांग की।

# योग विहार में कथित अवैध निर्माण का विरोध, लोगों ने कार्रवाई की मांग



जीरकपुर/यूटर्न/29 जुलाई। बलटाना के योग विहार क्षेत्र में कथित अवैध निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों का विरोध तेज हो गया है। बुधवार को क्षेत्र के निवासियों ने रिहायशी प्लॉटों पर कमर्शियल निर्माण किए जाने का आरोप लगाते हुए नगर परिषद से मामले की निष्पक्ष जांच और नियमों के अनुसार कार्रवाई की मांग की। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य सड़क पर रिहायशी प्लॉटों का कथित तौर पर व्यावसायिक उपयोग कर शोरूम और दुकानें बनाई जा रही हैं। इसके कारण क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव बढ़ने के साथ-साथ पार्किंग की गंभीर समस्या पैदा हो गई है। लोगों का कहना है कि दुकानों के बाहर वाहनों के खड़े होने से सड़कें संकरी हो गई हैं और कई बार जाम जैसी स्थिति बन जाती है।

निवासियों ने आरोप लगाया कि इस संबंध में कई बार नगर परिषद और संबंधित अधिकारियों को शिकायतें दी गईं, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। कुछ लोगों ने अधिकारियों पर कथित मिलीभगत के भी आरोप लगाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई होती तो क्षेत्र की स्थिति इतनी खराब नहीं होती। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने प्रशासन से मांग की कि योग विहार और आसपास के क्षेत्र में हो रहे सभी निमार्णों की जांच करवाई जाए। यदि कोई निर्माण भवन नियमों के विपरीत पाया जाता है तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# सरकारी अस्पताल के ठेका कर्मचारियों ने दिया धरना, नियमित करने की मांग



डेराबस्सी/यूटर्न/29 जुलाई। डेराबस्सी के सरकारी अस्पताल में पिछले 10 से 15 वर्षों से ठेका प्रणाली के तहत कार्यरत कर्मचारियों ने बुधवार को नियमितीकरण की मांग को लेकर अस्पताल परिसर में धरना दिया। इसके बाद कर्मचारियों ने वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ) को ज्ञापन सौंपकर पंजाब सरकार की नीति के अनुरूप उन्हें विभाग में स्थायी नियुक्ति देने की मांग की। कर्मचारियों ने कहा कि वे लंबे समय से अस्पताल में पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके बावजूद आज तक उन्हें नियमित नहीं किया गया। उनका कहना है कि पंजाब सरकार अन्य विभागों में ठेका कर्मचारियों को नियमित कर रही है, इसलिए सरकारी अस्पतालों में वर्षो से कार्यरत कर्मचारियों को भी इसका लाभ मिलना चाहिए।

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने कहा कि नियमित होने से उनके परिवारों का भविष्य सुरक्षित होगा तथा उन्हें आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने सरकार और स्वास्थ्य विभाग से उनकी मांग पर जल्द सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर समय रहते विचार नहीं किया गया तो वे अपने संघर्ष को और तेज करने के लिए मजबूर होंगे।

# बनार्ला लाठीचार्ज: शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर लाठीचार्ज उचित नहीं, संवाद से निकले समाधान: एडवोकेट जगमोहन सैनी

## एनएचआरसी द्वारा पंजाब सरकार से रिपोर्ट तलब किए जाने के बीच पूर्व एडवोकेट जनरल ने प्रशासनिक जवाबदेही, रोजगार और विकास पर भी रखी राय

-मनोज वर्मा-

पटियाला/यूटर्न/29 जुलाई। बनार्ला में सफाई कर्मचारियों पर हुए लाठीचार्ज के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) द्वारा पंजाब सरकार से रिपोर्ट मांगे जाने के बाद पंजाब के पूर्व एडवोकेट जनरल, वरिष्ठ अधिवक्ता और भाजपा थिंक टैंक सदस्य एडवोकेट जगमोहन सैनी ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रदर्शन में लाठीचार्ज को पहला नहीं, बल्कि आखिरी विकल्प होना चाहिए। उनका कहना था कि यह मामला महिला या पुरुष का नहीं है। किसी भी शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारी पर डंडे नहीं चलने चाहिए। प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह पहले से ऐसी व्यवस्था करे ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे और हालात बिगड़ने की नौबत न आए।

सैनी ने कहा कि लोकतंत्र में हर नागरिक को अपनी बात रखने और शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने का अधिकार है। वहीं सरकार और प्रशासन का कर्तव्य है कि लोगों की समस्याओं को समय रहते सुना जाए और बातचीत के जरिए उनका समाधान निकाला जाए।



सफाई कर्मचारियों की हड़तालपर उन्होंने कहा कि यदि कर्मचारियों की मांगों पर लंबे समय तक ध्यान नहीं दिया जाएगा तो असंतोष बढ़ना स्वाभाविक है। ऐसे मामलों में टकराव की बजाय बातचीत से समाधान निकालना बेहतर होता है। स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी विभागों में कर्मचारियों की कमी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार को अस्पतालों, शिक्षा और अन्य जरूरी सेवाओं में पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्था करनी चाहिए। साथ ही युवाओं को रोजगार देने और सरकारी व्यवस्थाओं को मजबूत करने पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब के विकास के लिए उद्योगों को बढ़ावा देना जरूरी है। यदि नए उद्योग आएंगे तो रोजगार बढ़ेगा और युवाओं को बेहतर अवसर मिलेंगे। उनका मानना है कि विकास कार्यों और रोजगार सृजन पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

प्रदर्शनों को लेकर उन्होंने कहा कि विरोध करना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन प्रदर्शन इस तरह होने चाहिए कि आम लोगों को परेशानी न हो। प्रशासन और प्रदर्शनकारी संगठनों को मिलकर ऐसे समाधान तलाशने चाहिए जिससे जनता और प्रदर्शनकारियों दोनों के हित सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि पंजाब की तरक्की के लिए सरकार, प्रशासन, राजनीतिक दलों और समाज के सभी वर्गों को मिलकर काम करना होगा। संवाद, अच्छी नीतियां और कानून का समान रूप से पालन ही समस्याओं का स्थायी समाधान है।

# मैं सिंगल रहकर खुश हूं, मुझे अपनी जिंदगी में एक और तनाव नहीं चाहिए: अभिनेत्री जरीन



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म वीर से सिनेमा जगत में कदम रखने वालीं जरीन खान को भला कौन नहीं जानता। हाल ही में एक मीडिया इंटरव्यू में जरीन ने जिंदगी भर शादी न करने को लेकर खुलासा किया है और बताया है कि वह ऐसा क्यों करना चाहती हैं। उन्होंने खुलासा किया है कि वह मौजूदा समय में सिंगिल हैं और अपनी मां के निधन के बाद पूरा फोकस काम पर रखना चाहती हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अक्सर सितारों की लव लाइफ चर्चा में रहती है। कुछ हो ना हो, वह सुर्खियों में बने रहते हैं। अभिनेत्री जरीन खान ऐसी चर्चा ही नहीं, बल्कि अफेयर से भी दूर रहना चाहती हैं। जरीन ने खुद ही एक इंटरव्यू में बताया कि वह सिंगल हैं और फिलहाल शादी करने का कोई इरादा नहीं है। वह कहती हैं मैं सिंगल रहकर खुश हूं। मुझे अपनी जिंदगी में एक और तनाव नहीं चाहिए। जब आप किसी को अपनी जिंदगी में शामिल करते हैं तो मैं यह नहीं कहती हूं कि आप चार चांद ही लगा दें, बस परेशान न करें। मेरे जीवन में वैसे ही काफी चीजें हो रही हैं। फिलहाल मैं अपनी जिंदगी पर ध्यान दे रही हूं। जब तक मम्मी थीं।

# फामेर्सी अफसर भर्ती परीक्षा पेपर लीक

## भाजपा ने सरकार को घेरा, स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्रियों के इस्तीफे की मांग

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/29/जुलाई। पंजाब में 19 जुलाई को आयोजित फामेर्सी अफसर भर्ती परीक्षा में कथित पेपर लीक और बड़े पैमाने पर धांधली का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस गंभीर प्रशासनिक नाकामी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जगरांव जिला अध्यक्ष डॉ. राजिंदर शर्मा ने राज्य की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को आड़े हाथों लिया है और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह तथा शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस के तत्काल इस्तीफे की मांग की है।







### परीक्षा की पवित्रता के साथ खिलवाड़

डॉ. शर्मा ने बताया कि 454 फामेर्सी अफसर पदों के लिए हुई इस परीक्षा में करीब 7,000 उम्मीदवार शामिल हुए थे। आरोप है कि परीक्षा केंद्र के भीतर से प्रश्नपत्र को स्कैन कर बाहर भेजा गया, बाहर उसका हल तैयार किया गया और फिर ब्लूरोथ आधारित उपकरणों के जरिए अभ्यर्थियों तक उत्तर पहुंचाए गए।

### खुफिया इनपुट के बावजूद बरती गई लापरवाही

भाजपा नेता ने खुलासा किया कि परीक्षा के दौरान इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संभावित इस्तेमाल को लेकर प्रशासन के पास पहले से ही खुफिया (इंटेलिजेंस) इनपुट मौजूद थे। इसके बावजूद परीक्षा केंद्रों पर न तो उचित जैमर लगाए गए और न ही पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किए गए, जो सरकार की गभीर प्रशासनिक लाचारी को उजागर करता है।

### 'आप' सरकार पर दावों के विपरीत ढीली कार्यप्रणाली का आरोप

भाजपा ने इसे कोई इकहरी घटना मानने से इंकार करते हुए इसे 'आप' सरकार के कार्यकाल का छठा बड़ा भर्ती विवाद करार दिया है। नायब तहसीलदार भर्ती, पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की 12वीं का अंग्रेजी पेपर लीक, पीएसटीईटी विवाद और अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड की अनियमितताओं का हवाला देते हुए पार्टी ने कहा कि सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति सिर्फ कागजों तक सीमित है। अन्त में, भाजपा ने चेतावनी दी है कि पंजाब का युवा केवल योग्यता और पारदर्शिता पर आधारित पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया का हकदार है, और सरकार को इस पूरे भ्रष्टाचार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत जवाब देना चाहिए।

# जिला कौशल समिति की बैठक में कौशल विकास योजनाओं की समीक्षा, युवाओं के लिए रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण पर जोर

चंडीगढ़/यूटर्न/29 जुलाई। चंडीगढ़ में बुधवार को जिला कौशल समिति (डीएससी) की 9वीं बैठक उपायुक्त एवं जिला मजिस्ट्रेट निशांत कुमार यादव (आईएएस) की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में केंद्र शासित प्रदेश में संचालित विभिन्न कौशल विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और युवाओं को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय तथा उद्योगों के साथ साझेदारी को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान चंडीगढ़ कौशल विकास मिशन (सीएसडीएम) की मिशन निदेशक डॉ. पालिका अरोड़ा (पीसीएस) ने समिति को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई 4.0), पीएम विश्वकर्मा, राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना (एनएपीएस) और इंडियास्किल्स प्रतियोगिता 2025 सहित विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों की प्रगति से अवगत कराया। समिति ने इंडियास्किल्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चंडीगढ़ के शानदार प्रदर्शन की सराहना की।

# संसद में पंजाब के SC/ST उद्यमियों का मुद्दा: स्टैंड-अप इंडिया योजना के तहत 4 साल में 1,418 को मिला लोन

नई दिल्ली/चंडीगढ़। पंजाब में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय के उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की स्टैंड-अप इंडिया योजना का लाभ लगातार बढ़ रहा है। संसद के मानसून सत्र में राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू के सवाल के जवाब में केंद्र सरकार ने बताया कि वर्ष 2021-22 से 2024-25 के बीच पंजाब में 1,418 SC/ST उद्यमियों को इस योजना के तहत ऋण स्वीकृत किए गए।

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने लिखित उत्तर में बताया कि वर्ष 2021-22 में 153, वर्ष 2022-23 में 321, वर्ष 2023-24 में 327 तथा वर्ष 2024-25 में 617 SC/ST लाभार्थियों को स्टैंड-अप इंडिया योजना के तहत ऋण दिए गए। योजना मार्च 2025 तक संचालित रही।

सांसद सतनाम सिंह संधू ने संसद में पंजाब में SC/ST लाभार्थियों की संख्या, महिला उद्यमियों को दिए गए ऋण, ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रमों और बिना जमानत ऋण उपलब्ध कराने के लिए उठाए गए कदमों से संबंधित जानकारी मांगी थी।

सरकार ने बताया कि अप्रैल 2016 में शुरू की गई स्टैंड-अप इंडिया योजना के तहत अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की प्रत्येक शाखा से कम से कम एक SC/ST और एक महिला उद्यमी को 10 लाख से 1 करोड़ तक का ऋण ग्रीनफील्ड उद्यम स्थापित करने के लिए उपलब्ध कराया जाता है। यह सुविधा विनिर्माण, सेवा, व्यापार और कृषि से जुड़ी गतिविधियों के लिए दी जाती है।

ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय जागरूकता



बढ़ाने के लिए पंजाब में 31 मार्च 2026 तक 3,498 ग्रामीण बैंक शाखाएं, 47 वित्तीय साक्षरता केंद्र (FLC) और 51 सेंटर फॉर फाइनेंशियल लिटरेसी (CFL) कार्यरत थे। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान इन संस्थानों के माध्यम से 37,528 वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 6,35,922 लोगों ने भाग लिया।

सरकार ने यह भी बताया कि SC/ST स्टार्टअप्स को बिना जमानत ऋण उपलब्ध कराने के लिए स्टार्टअप इंडिया, क्रेडिट गारंटी स्कीम फॉर स्टार्टअप्स (CGSS) और CGTMSE जैसी योजनाएं लागू हैं। SC/ST उद्यमियों द्वारा संचालित सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को 85 प्रतिशत तक गारंटी कवरेज तथा गारंटी शुल्क में 10 प्रतिशत की छूट दी जाती है। साथ ही राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (SLBC) के माध्यम से बैंकों को ऐसे उद्यमियों को अधिक से अधिक कोलेटरल-फ्री लोन देने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है।

सांसद सतनाम सिंह संधू ने कहा कि स्टैंड-अप इंडिया योजना ने 'फंडिंग से वंचित लोगों को वित्तीय सहायता' उपलब्ध कराने का काम किया है। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2020 से अब तक देशभर में इस योजना के तहत 1.59 लाख से अधिक ऋण, जिनकी कुल राशि 40,927.53 करोड़ से अधिक है, SC/ST और महिला उद्यमियों को स्वीकृत किए जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि पंजाब में अब तक 5,710 से अधिक ऋण इस योजना के तहत स्वीकृत हुए हैं, जिनमें 1,418 ऋण SC/ST उद्यमियों को मिले हैं। यानी राज्य में स्वीकृत कुल ऋणों का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा SC/ST वर्ग के उद्यमियों को मिला है। उनके अनुसार, इस योजना ने नए उद्यमियों को व्यवसाय शुरू करने, रोजगार सृजन और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किए हैं।

# छतबीड़ चिड़ियाघर में अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया, संरक्षण का दिया संदेश

जीरकपुर/यूटर्न/29 जुलाई। एम.सी. जूलॉजिकल पार्क, छतबीड़ में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बाघ संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, पोस्टर जारी करने, संवाद सत्र और शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बाघों के संरक्षण और वन्यजीवों के महत्व के प्रति लोगों, विशेषकर विद्यार्थियों को जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान पंजाब के राज्य सूचना आयुक्त हरप्रीत संधू ने टाइगर कॉम्प्लेक्स में बाघ संरक्षण पर आधारित पोस्टर जारी किया। इस मौके पर मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) सतिंदर कुमार सागर (आईएफएस), फील्ड डायरेक्टर नलिन यादव (आईएफएस) सहित चिड़ियाघर का स्टाफ मौजूद रहा। हरप्रीत संधू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बाघ भारत का राष्ट्रीय पशु होने के साथ स्वस्थ वन पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण संकेतक है। उन्होंने कहा कि बाघों का संरक्षण, जंगलों, जैव विविधता और पर्यावरणीय संतुलन की रक्षा से सीधे जुड़ा हुआ है।

इस दौरान Their Roar Keeps the Forest Alive विषय पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें चिड़ियाघर के आगंतुकों, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों और






अन्य आमंत्रित लोगों ने भाग लिया। एक अन्य सत्र में जनसंपर्क एवं वन्यजीव शिक्षा अधिकारी हरपाल सिंह, सरकारी हाई स्कूल छत की प्रिंसिपल मालती सचदेवा, समन्वयक शिक्षिका सुषमा तथा वन्यजीव विशेषज्ञ डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने बाघों की वर्तमान स्थिति, उनके प्राकृतिक आवास, शिकार, मानव-वन्यजीव संघर्ष और संरक्षण प्रयासों पर विस्तार से जानकारी दी। मुख्य वन संरक्षक सतिंदर कुमार सागर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस की शुरूआत वर्ष 2010 में रूस के सेंट पीटर्सबर्ग टाइगर समिट में हुई थी, जहां बाघों की संख्या बढ़ाने के लिए वैश्विक स्तर पर संकल्प लिया गया था। वहीं फील्ड डायरेक्टर नलिन यादव ने कहा कि इस दिवस का उद्देश्य बाघों और उनके प्राकृतिक आवास के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने संदेश दिया कि बाघ सुंदरता, बहादुरी, शक्ति और राष्ट्र की पहचान का प्रतीक है। बाघ बचाइए, देश का गौरव बचाइए। कार्यक्रम के अंत में चिड़ियाघर के कर्मचारियों ने TIGERS शब्द के प्रत्येक अक्षर के माध्यम से बाघ संरक्षण का प्रेरक संदेश भी साझा किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और आगंतुकों ने भाग लेकर वन्यजीव संरक्षण का संकल्प लिया।

# बरनाला घटना में जख्मी कर्मियों की मदद को आगे आए समाजसेवी राज कुमार मद्दू, आर्थिक सहायता दी



बरनाला/यूटर्न/29 जुलाई। बरनाला में हुई दुखद घटना में जख्मी हुए सफाई कर्मचारियों की सहायता के लिए समाजसेवी राज कुमार मद्दू आगे आए हैं। उन्होंने अपनी नेक कमाई में से जख्मी सफाई कर्मचारियों को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की, जबकि सफाई कर्मचारी यूनियन को भी 5 हजार रुपए की मदद दी। राज कुमार मद्दू ने कहा कि मुश्किल समय में जरूरतमंद लोगों के साथ खड़ा होना ही सच्ची समाज सेवा है। उन्होंने जख्मी कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी किसी प्रकार की सहायता की जरूरत पड़ी तो वह हर संभव सहयोग के लिए उनके साथ खड़े रहेंगे। इस दौरान उन्होंने सर्व समाज का आभार जताया, विशेष रूप से अग्रवाल समाज का, जिन्होंने अग्रवाल धर्मशाला में जख्मी सफाई कर्मचारियों को ठहरने और सहायता उपलब्ध करवाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने उस पार्लर संचालिका बहन का भी विशेष धन्यवाद किया, जिसे पुलिस ने हिरासत में लिया था। इस मौके पर उनके साथ आशु मद्दू, कुलजीत सिद्धू, जतिंदर आदिया, दौलती राम सहित विभिन्न जिलों से आए कई अन्य साथी मौजूद रहे।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372